अजमेर, जोधपुर एवं जयपुर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

डाक पंजियन संख्या: JPCITY/004/2023-2025

# हुक्मनामा समाचार

अजमेर, गुरूवार, 10 अप्रैल, 2025 :: मूल्य 2 रु. :: पृष्ठ संख्या 8 :: आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14674 :: वर्ष 21 :: अंक 137

www.hukmnamasamachar.com

**संक्षिप्त खबरें**

## बंगाल में लागू नहीं होगा वक्फ कानून

### ममता बोलीं- गोली मार दो पर धर्म के नाम पर बंटवारा मंजूर नहीं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की ष्टरू ममता बनर्जी ने मंगलवार को कहा कि नया वक्फ कानून पश्चिम बंगाल में लागू नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक पश्चिम बंगाल में ममता दीदी है, मुस्लिम समुदाय की संपत्ति की रक्षा करेगी। इस बयान पर भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा कि ममता फर्जी हिंदू हैं, अपनी भाषा और आचरण से उन्होंने यह सिद्ध कर दिया है। मुर्शिदाबाद में हिंदुओं की दुकानों पर तोड़फोड़ की गई, पुलिस पर हमला किया गया। फिर भी ममता चुप हैं। वक्फ संशोधन कानून लोकसभा-राज्यसभा से पास होने के बाद 8 अप्रैल से देश में लागू कर दिया गया है। इसकी संवैधानिकता के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में 12 याचिकाएं दाखिल हो चुकी हैं। सुप्रीम कोर्ट इस पर सुनवाई के लिए तैयार है। तारीख अभी नहीं तय की है।



इधर, जम्मू-कश्मीर विधानसभा में बुधवार को लगातार तीसरे दिन नए वक्फ कानून पर हंगामा हुआ। विधानसभा में नेशनल कॉन्फ्रेंस और भाजपा के विधायकों के बीच हाथापाई हो गई। विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

दूसरी ओर, आप विधायक मेहराज मलिक ने कहा- हिंदू तिलक लगाते हैं लेकिन पाप करते हैं। इस पर भाजपा विधायक विक्रम रंधावा ने मलिक की निंदा करते हुए कहा कि यह हिंदुओं का अपमान है। एनसी के विधायक ने सदन में वक्फ कानून की कॉपी फाड़ दी। एक एनसी विधायक ने अपनी जैकेट फाड़कर सदन में लहराई। इसके बाद स्पीकर ने सदन की कार्रवाई पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। ह्रष्ट समेत अन्य दलों ने वक्फ कानून के खिलाफ रेजोल्यूशन लाने की बात कही थी।

## तमिलनाडु-आंध्र प्रदेश में 1332 करोड़ का रेल प्रोजेक्ट मंजूर

### 14 लाख लोगों तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी, कैबिनेट बैठक में फैसला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कैबिनेट की मीटिंग में बुधवार को कई अहम प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में तिरुपति से कटपडी तक 104 किमी की सिंगल रेलवे लाइन को डबल लाइन में बदला जाएगा।

इसमें करीब 1332 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इससे आंध्र प्रदेश के तिरुमला वेंकटेश्वर मंदिर तक कनेक्टिविटी बढ़ने के साथ ही अन्य प्रमुख स्थलों जैसे श्री कालहस्ती शिव मंदिर, कनिपकम विनायक मंदिर, चंद्रगिरी किला आदि तक भी रेल कनेक्टिविटी हो सकेगी। यह मल्टी-ट्रैकिंग प्रोजेक्ट से करीब 400 गांवों और करीब 14 लाख आबादी तक कनेक्टिविटी बढ़ेगी। इसके साथ ही इस परियोजना से रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में करीब 113 किमी बढ़ जाएगा।

PMKSY के तहत 1600 करोड़ की सबस्कीम मंजूर इसके अलावा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत एक सबस्कीम को मंजूरी मिली है। इसके तहत कमांड एरिया डेवलपमेंट एंड वाटर मैनेजमेंट को अपग्रेड करने के लिए 1600 करोड़ रुपए मंजूर हुए हैं। इस योजना से किसी क्लस्टर में मौजूदा नहरों या पानी के अन्य स्रोतों से सिंचाई के लिए पानी की आपूर्ति की जा सकेगी। इसमें पानी के सोर्स से एक हेक्टेयर तक के खेत तक अंडरग्राउंड पाइप लाइन के जरिए प्रेशराइज्ड वाटर सप्लाई होगी। इससे माइक्रो एरिगेशन (सूक्ष्म सिंचाई) के लिए मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाया जाएगा। हालांकि, अभी पायलट प्रोजेक्ट के लिए मंजूरी मिली है। इसके नतीजों के आधार पर 1 अप्रैल, 2026 से पूरे देश में योजना शुरू की जाएगी।

**गुजरात में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन : बांग्लादेश के नेता भारत के खिलाफ बयान दे रहे**

# वक्फ बिल संविधान पर हमला : राहुल

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस के दो दिवसीय 84वें अधिवेशन का समापन हो गया। अधिवेशन में बुधवार को राहुल गांधी बोले- कुछ दिन पहले बीजेपी ने लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल पास किया। यह फ्रीडम ऑफ रिलीजन, संविधान पर आक्रमण है। ऋस्स् के मुखपत्र ऑर्गनाइजर में लिखते हैं कि क्रिश्चियंस पर आक्रमण करने जा रहे हैं। ये एंटी-रिलीजन बिल है। ये देश के सभी लोगों को मालूम होना चाहिए।



राहुल ने कहा- बांग्लादेश के नेता भारत के खिलाफ बयान दे रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री वहां के नेता से मिले। उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकला। कहां गई 56 इंच की छाती।

इससे पहले मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। आज दूसरे दिन साबरमती रिवरफ्रंट पर मुख्य अधिवेशन हो रहा है, जिसमें देशभर से 1700 से अधिक कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। अधिवेशन में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल मौजूद हैं, लेकिन प्रियंका गांधी नहीं पहुंचीं। चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईवीएम पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ने ऐसी तकनीक बनाई है, जिससे उन्हें फायदा हो और विपक्ष को नुकसान। उनका सुझाव है कि चुनाव बैलेट पेपर से होना चाहिए, ईवीएम से नहीं।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र चुनाव भी धोखे से जीता। महाराष्ट्र में 150 सीटों पर लड़कर 138 पर जीत हासिल की गई, जो 90 प्रतिशत जीत है। ऐसा पहले कभी नहीं देखा। खड़गे ने आगे कहा- सब कुछ पता लगा लिया जाएगा, क्योंकि चोर चोरी करता है और आज नहीं तो कल पकड़ा जाएगा।

नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं अधिवेशन के दूसरे दिन की शुरुआत झंडावंदन के साथ हुई। इसके बाद पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने कहा- नरेंद्र मोदी एक-एक करके सार्वजनिक क्षेत्र को बेचकर अपने दोस्तों को दे रहे हैं और देश को बेचकर चले जाएंगे। जवाहरलाल नेहरू ने जो बनाया, उसे मोदी खत्म करना चाहते हैं, जबकि सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को फायदा पहुंचा रही है। वे सिर्फ कांग्रेस को गालियां देते हैं, इसके अलावा कोई बात नहीं करते।

**मंदिर मुद्दे पर जूली के समर्थन में उतरे राहुल गांधी**

## बीजेपी नेता हर नागरिक के साथ जूली जैसा ही बर्ताव करना चाहते हैं

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जिस राम मंदिर में गए, उसे तत्कालीन बीजेपी नेता ज्ञानदेव आहूजा द्वारा गंगाजल से धोने के मामले को कांग्रेस ने राष्ट्रीय मुद्दा बना लिया है। राहुल गांधी जूली के समर्थन में उतर आए हैं।

गुजरात में कांग्रेस के अधिवेशन में राहुल ने कहा- राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली दलित हैं, वे मंदिर गए थे। उनके जाने के बाद बीजेपी के नेताओं ने मंदिर को साफ करवाया, धुलवाया। और, वो अपने आप को हिंदू कहते हैं। उन्होंने कहा- एक दलित व्यक्ति को मंदिर में जाने का अधिकार नहीं देते। जाता है तो मंदिर को धुलवाते हैं। यह हमारा धर्म नहीं है। हम भी अपने आपको हिंदू कहलाते हैं, लेकिन यह हमारा धर्म नहीं है। हमारा धर्म वो है, जो हर व्यक्ति का आदर करता है। और, यह जो बात है चाहे दलितों-पिछड़ों के खिलाफ हो, यह बीजेपी के हर कार्यकर्ता के दिल में छिपी हुई है। कांग्रेस का कार्यकर्ता हिंदुस्तान के हर व्यक्ति का सम्मान करता है, बीजेपी के दिल में नफरत भरी है। 21वीं सदी में संविधान है, इसलिए वो कह नहीं सकते, लेकिन उनके दिल में वही है, वो हिंदुस्तान के हर नागरिक के साथ वही सलूक करना चाहते हैं जो जूली के साथ किया।

राहुल गांधी और कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल्स पर इस मामले से जुड़े वीडियो डालते हुए बीजेपी पर पलटवार किया। राहुल गांधी ने मंदिर को गंगाजल से धोने के वीडियो को शेयर करते हुए बीजेपी पर हमला बोला है।

राहुल गांधी ने लिखा- ये बीजेपी की दलित विरोधी और मनुवादी सोच का एक और उदाहरण है। बीजेपी लगातार दलितों को अपमानित और संविधान पर आक्रमण करती आ रही है।

**वसुंधरा की नाराजगी के बाद केंद्र सख्त**

# पेयजल संकट पर राजस्थान सरकार से मांगी रिपोर्ट

**जयपुर/झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)।** पेयजल संकट पर राजस्थान में पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद केंद्र सरकार ने सख्ती दिखाई है। केंद्र ने पेयजल संकट पर राजस्थान सरकार से तत्काल रिपोर्ट मांगी है। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने सोशल मीडिया पर लिखा- झालावाड़ में जल संकट को लेकर वसुंधरा राजे की उठाई गई चिंता को गंभीरता से लिया है। राजस्थान सरकार से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई है। बता दें कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे ने झालावाड़ जिले के कई इलाकों में पानी संकट को लेकर अफसरों को फटकार लगाई थी। रायपुर कस्बे में लोगों की शिकायत पर उन्होंने सख्त रुख अपनाते हुए अफसरों पर तल्ख टिप्पणी की। राजे ने एक्स पर लिखा- क्या जनता को प्यास नहीं लगती? सिर्फ आप अफसरों को ही लगती है। गर्मी में पेयजल संकट के कारण जनता त्रस्त है। अफसर तृप्त हैं। पानी कागजों में नहीं, लोगों के होठों तक पहुंचे। अफसर सो रहे हैं, लोग रो रहे हैं। मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। इस मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सोशल मीडिया पर लिखा- जब पूर्व सीएम मजबूर तो आम आदमी की क्या हालत होगी। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे मंगलवार को जिले के दौरे पर रायपुर पहुंचीं।



पेयजल संकट की शिकायत मिलने पर उन्होंने जलजीवन मिशन और जलदाय विभाग के अफसरों को कड़ी फटकार लगाते हुए सवाल किया- क्या जनता को प्यास नहीं लगती? सिर्फ आप अफसरों को ही लगती है?


## नौसेना को बड़ी ताकत, हिंद महासागर में बढ़ेगी क्षमता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने फ्रांस से 26 मरीन राफेल फाइटर जेट की खरीदी को मंजूरी दे दी है। पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता वाली सुरक्षा पर कैबिनेट कमेटी ने 9 अप्रैल को डील पर मुहर लगाई। भारत को 64 हजार करोड़ रुपए में 26 मरीन फाइटर मिलने हैं।

इसके बाद फ्रांस 22 सिंगल-सीटर और 4 ट्विन-सीटर जेट भारतीय नौसेना को सौंपेगा। इन्हें हिंद महासागर में चीन से मुकाबले के लिए आईएनएस विक्रांत पर तैनात किया जाएगा। दोनों देशों के बीच 26 राफेल मरीन जेट की खरीद को लेकर कई महीनों से बातचीत चल रही थी। भारत नौसेना के लिए राफेल मरीन की डील उसी बेस प्राइज में करना चाहता था, जो 2016 में वायुसेना के लिए 36 विमान खरीदते समय रखी थी। इस डील की जानकारी सबसे पहले पीएम मोदी की 2023 की फ्रांस यात्रा के दौरान सामने आई थी। इसके बाद रक्षा मंत्रालय ने लेटर ऑफ रिक्वेस्ट जारी किया था, जिसे फ्रांस ने दिसंबर 2023 में स्वीकार किया। इससे पहले सितंबर 2016 में 59 हजार करोड़ रुपए की डील में भारत वायुसेना के लिए फ्रांस से 36 राफेल लड़ाकू विमान खरीद चुका है। पहले दौर की चर्चा जून 2024 में हुई थी 26 राफेल-एम फाइटर जेट खरीदने की डील पर पहले दौर की चर्चा जून 2024 में शुरू हुई थी।

## प्रदेश में मौसम बदला, जयपुर-बीकानेर में बारिश

### 5 जिलों में बादल छाए, आंधी चली, 14 शहरों में बरसात का अलर्ट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी ने अभी से हाल बेहाल कर दिए। बुधवार को दिनभर तेज गर्मी के बाद जयपुर, बीकानेर, अलवर, चूरू और सीकर में शाम को मौसम का मिजाज बदला। जयपुर में आंधी के साथ कुछ जगह हल्की बूंदाबांदी हुई। बीकानेर में भी रिमझिम हुई।

सीकर में दोपहर करीब 2:30 बजे तापमान 44.5 डिग्री रहने के बाद शाम को अचानक काले घने बादल छा गए। आंधी भी चली। अलवर और चूरू में भी बादल छाने के साथ कई जगह तेज आंधी चली।

मौसम विभाग ने गुरुवार से भरतपुर, बीकानेर, जयपुर संभाग के 14 जिलों में बादल छाने, आंधी चलने और कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना जताई है। इसका असर 11 अप्रैल को भी रहेगा। इसके बाद गर्मी फिर तेज होगी

बाड़मेर में गर्मी ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ा बाड़मेर में मंगलवार को तापमान ने 10 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर, भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़ समेत कई जिलों में कल तेज गर्मी रही। राजधानी जयपुर में भी पारा 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। वहीं, जैसलमेर में भी अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ।

पिछले 24 घंटे के दौरान राजस्थान के अधिकांश शहरों में आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। पश्चिमी राजस्थान में तेज धूप और हीटवेव के कारण यहां इस सीजन में पारा पहली बार 46 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया।

राजस्थान में वार्म नाईट (गर्म रात) का दौर शुरू हो गया। कल बाड़मेर में रात का मिनिमम टेम्प्रेचर 31.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ, जो यहां के औसत न्यूनतम तापमान 4.3 डिग्री ऊपर था। बाड़मेर में रात में जितनी गर्मी थी, उतनी तेज गर्मी माउंट आबू में भरी दोपहरी में थी।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने दवाओं पर टैरिफ लगाने का किया ऐलान

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ऐलान किया है कि हम जल्द ही दवाइयों पर भारी टैरिफ लगाने जा रहे हैं। ट्रम्प ने कहा कि उनका मकसद विदेश में दवा बना रही कंपनियों को अमेरिका में वापस लाना और घरेलू दवा इंडस्ट्री को बढ़ावा देना है।



ट्रम्प ने कहा कि दूसरे देश दवाओं की कीमतों को कम रखने के लिए बहुत ज्यादा दबाव बनाते हैं। वहां ये कंपनियां सस्ती दवा बेचती हैं, लेकिन अमेरिका में ऐसा नहीं होता है। एक बार जब इन दवा कंपनियों पर टैरिफ लग जाएगा तो ये सारी कंपनियां अमेरिका वापस आ जाएंगी।

अगर अमेरिका दवाओं पर भी टैरिफ लगाने का फैसला लेता है तो इसका भारत पर भी असर पड़ेगा। भारतीय फार्मास्यूटिकल कंपनियां हर साल अमेरिका को 40 प्रतिशत जेनेरिक दवाएं भेजती हैं।

ट्रम्प ने कहा कि दवाएं दूसरे देशों में बनती हैं और इसके लिए आपको ज्यादा कीमत चुकानी पड़ती है। लंदन में जो दवा 88 डॉलर में बिकती है, वही दवा अमेरिका में 1300 डॉलर में बिक रही है। अब यह सब खत्म हो जाएगा। अमेरिकी राष्ट्रपति बोले कि टैरिफ लगाने से फार्मा कंपनियां वापस आएंगी, क्योंकि अमेरिका बहुत बड़ा बाजार है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो विदेशी दवा कंपनियों को भारी टैक्स चुकाना पड़ेगा। ट्रम्प दवाओं पर कब से और कितना टैरिफ लगाएंगे, इसकी तारीख उन्होंने नहीं बताई है।

अमेरिका दुनिया में सबसे ज्यादा दवाएं खरीदने वाला देश है। यूएस ट्रेड डेटा के मुताबिक भारत, अमेरिका को सबसे ज्यादा दवा बेचने वाले टॉप-5 देशों में शामिल है। सीटी का अनुमान है कि अगर टैरिफ का 50 प्रतिशत बोझ मरीजों तक पहुंचाया गया, तो फार्मा कंपनियों की कमाई पर 1 प्रतिशत से 7 प्रतिशत तक का असर हो सकता है। ट्रम्प के इस ऐलान के बाद मार्केट एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि इससे दवाओं की कीमतें बढ़ सकती हैं और सप्लाई चेन पर असर पड़ सकता है। फार्मा कंपनी एली लिली के सीईओ डेविड रिक्स ने बीबीसी से कहा कि टैरिफ से पर असर पड़ेगा।

**पेनल्टी कॉर्नर**




**पटेला री पोल**

वक्फ पर बंट गए मुस्लिम, सफल रही भाजपा की चाल
गलतफहमी जल्द दूर होगी, किसी को भी ना मिले माल
झगडे टंटे और बढ़ेंगे अब, किसी को कुछ भी नहीं पता
पहले भी सब तय शुदा था, फिर क्यों कर ली यह नई खता


..मुखिया जी

**'मुख्यमंत्री का दो दिवसीय हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर दौरा' : 'मुख्यमंत्री ने सरसों की एमएसपी पर खरीद का किया शुभारंभ'**

# अन्नदाता किसान का सम्मान और आर्थिक सुरक्षा हमारा ध्येय : भजनलाल

**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को श्रीगंगानगर स्थित नई धान मंडी में किसानों को विक्रय स्लिप प्रदान करते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर सरसों खरीद का विधिवत शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री शर्मा ने इस अवसर पर किसानों एवं व्यापारियों से संवाद करते हुए कहा कि अन्नदाता किसान को पूरा सम्मान और सुरक्षा के साथ ही उनकी उपज का उचित मूल्य दिलवाना हमारा ध्येय है। हमारी सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीद का किसानों के बैंक खातों में सीधा भुगतान समय पर सुनिश्चित कर रही है। इसी दिशा में किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए सरकार ने वर्ष 2025-26 में सरसों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य 5 हजार 950 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है तथा इस साल 13 लाख 22 हजार मीट्रिक टन सरसों की खरीद का लक्ष्य रखा है। इसी तरह सरकार 5 हजार 650 रुपये प्रति क्विंटल की एमएसपी के आधार पर 5 लाख 46 हजार मीट्रिक टन चना की खरीद करेगी। शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में वर्ष 2022-23 में सरसों का एमएसपी 5 हजार 50 रुपये था, जिसमें हमारी सरकार ने 900 रूपये तक की बढ़ोत्तरी की है। साथ ही एमएसपी पर खरीद के लिए प्रति किसान 25 क्विंटल की सीमा को बढ़ाकर 40 क्विंटल किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार ने सवा साल के समय में अब तक 4 लाख 85 हजार मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद की है जबकि पिछली सरकार ने अपने पूरे पांच साल के कार्यकाल में केवल 5 लाख 53 हजार मीट्रिक टन मूंगफली की खरीद की थी। साथ ही हमारी सरकार ने मूंगफली के न्यूनतम समर्थन मूल्य को 5 हजार 850 रुपये से बढ़ाकर 6 हजार 783 रुपये प्रति क्विंटल किया है।



### 'किसानों की समृद्धि के लिए कार्य कर रही राज्य सरकार'

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार किसानों की समस्याओं को दूर करते हुए उनकी समृद्धि के लिए कार्य कर रही है। इसी दिशा में हमारी सरकार ने गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य के बोनस को बढ़ाकर 150 रुपये एवं किसान सम्मान निधि को 6 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये किया है। साथ ही, किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करने से लेकर वर्ष 2027 तक दिन में बिजली उपलब्ध करवाने के लक्ष्य के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण व बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

CMYK

### नवकार आराधना में जुड़े हजारों हाथ,विश्व शांति का दिया संदेश

# धर्मनगरी भीलवाड़ा में विश्व नवकार दिवस पर रचा गया आध्यात्मिकता का नया इतिहास



**भीलवाड़ा, (हुक्मनामा समाचार)।** भगवान महावीर जन्म कल्याणक से एक दिन पूर्व धर्मनगरी भीलवाड़ा में बुधवार को आध्यात्मिकता व भक्ति का अनूठा माहौल नजर आया।

सर्व कल्याणकारी एवं मंगलकारी नवकार महामंत्र की सामूहिक आराधना से विश्व शांति व खुशहाली का संदेश देने के लिए जीतो भीलवाड़ा चैप्टर की ओर से चित्रकूटधाम में आयोजित विश्व नवकार दिवस आयोजन में जैन धर्मावलम्बी ही नहीं बल्कि सर्व समाज के हजारों शहरवासी उमड़े। नवकार महामंत्र की आराधना में एक साथ हजारों हाथ जुड़े ओर णमो अरिहंताण, णमो सिद्धांण का जाप शुरू हुआ तो ऐसा आध्यात्मिक वाइब्रेशन माहौल में उत्पन्न हुआ जिसे शब्दों में बयां करना सहज नहीं था। हर कोई आंखें बंद कर साधना में लीन होकर मंत्रोच्चार के माध्यम से विश्व कल्याण की कामना कर रहा था। आराधना करने वालों में बच्चों से लेकर बुर्जुग तक सभी शामिल थे। भीलवाड़ा में पहली बार महामंत्र नवकार के आराधना में सर्वसमाज की सहभागिता का यह नजारा अद्भुत व अविस्मरणीय प्रतीत हो रहा था। पुरूष आराधक सफेद वस्त्रों में जबकि महिला आराधक लाल रंग की वेशभूषा में साधना में लीन दिखे। प्रत्येक साधक को 108 मोतियों की अभिमंत्रित माला प्रदान की गई थी। सुबह 8.01 से 9.36 बजे तक करीब एक घंटे 35 मिनिट चली नवकार साधना के माध्यम से सर्वमंगल व जीवन में सुख शांति की प्रार्थना की गई। समारोह में सनातन संस्कृति के धर्मगुरूओं के साथ सर्व समाज के लोगों की सहभागिता रही। आयोजन के शुरू में सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशान्त मेवाड़ा के साथ जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के अध्यक्ष मीठालाल सिंघवी,पूर्व अध्यक्ष त्रिलोकचंद छाबड़ा आदि ने दीप प्रज्वलित किया। नवकार महामंत्र की भक्ति से आयोजन का आगाज हुआ। संचालन जीतो भीलवाड़ा चैप्टर के मुख्य सैकेट्री मनीष शाह ने किया। नवकार दिवस आयोजन कॉर्डिनेटर सुशील डांगी, सुरेन्द्र सकलेचा, निर्मल गोखरू, निशांत जैन ने अतिथियों एवं सर्व समाज के आराधकों का स्वागत किया। जीतो यूथ विंग के सदस्यों ने अध्यक्ष सिद्धार्थ अजमेरा व सचिव सिद्धार्थ कावड़िया के नेतृत्व में एवं जीतो लेडिज विंग ने अध्यक्ष नीता बाबेल एवं सचिव अर्चना पाटौदी के नेतृत्व में आयोजन को एतिहासिक व यादगार बनाने में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। चित्रकूटधाम में पहुंचने वाले हजारों लोगों को सहजता से बिठाने एवं जरूरी व्यवस्था में महावीर नवयुवक मण्डल, तेरापंथ युवक परिषद, जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप, दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप, ऋषभ नवयुवक मण्डल, प्राज्ञ युवा मण्डल, सेवा ग्रुप, प्राज्ञ सोहन सुदर्शन ग्रुप, जैन संस्कार मंच, महावीर मण्डल बापूनगर, सुपार्श्वनाथ जागृति मंच, शांति महिला मण्डल, जिनेन्द्र महिला मण्डल, शांतिनाथ महिला मण्डल, तेरापंथ महिला मण्डल,सुपार्श्वनाथ महिला मण्डल, जैन संस्कार मंच महिला शाखा, वितराग महिला मण्डल, शीतलगच्छ यश महिला मण्डल,दिवाकर महिला मण्डल, पार्श्वनाथ महिला मण्डल, महावीर इंटरनेशनल, ज्ञानमति महिला मण्डल आदि संगठनों का भरपुर सहयोग प्राप्त हुआ। चित्रकूटधाम में आने वाले लोगों के वाहनों की पार्किंग का प्रबंध राजेन्द्र मार्ग स्कूल ग्राउण्ड में किया गया था। व्यवस्थाओं को सफल बनाने में सहयोग के लिए आयोजन समिति ने जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन का आभार जताया।

**सर्व समाज के धर्मगुरूओं ने प्रदान किया सानिध्य**

विश्व नवकार दिवस के आयोजन में सर्व समाज के धर्मगुरूओं का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। हरिशेवाधाम उदासीन आश्रम के महामण्डलेश्वर हंसारामजी महाराज, संकटमोचन हनुमान मंदिर के महन्त बाबूगिरीजी महाराज, छोटी हरणी स्थित टेकरी के बालाजी आश्रम के महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा, निम्बार्क आश्रम के महन्त मोहनशरण शास्त्री आदि धर्मगुरूओं ने आयोजन में सानिध्य प्रदान किया ।

## गंगापुर क्षैत्र में फिर दिखा पैंथर का मूवमेंट



**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** गंगापुर इलाके में एक बार फिर से पैंथर का मूवमेंट देखने को मिल रहा है ताजा मामला उदयपुर मार्ग पर भरक ग्राम पंचायत के गुढा गांव का है जहां पर आज सुबह ग्रामीण जब अपने खेतों की ओर जा रहे थे तो उन्होंने पैंथर के पग मार्क देखें और अज्ञात जानवर को घसीट के ले जाने के भी निशान मौके पर पाए गए।

इसके बाद किसानों ने वन विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। वन विभाग के अधिकारियों ने मौके पर जाकर मौका मुआयना किया। आपको बता दिया कि इसी गुढा गांव में पूर्व में भी देसी जुगाड़ के चलते एक फंदे में पैंथर उलझकर पकड़ में आया था जिसको बाद में वन्य क्षेत्र में वन विभाग के अधिकारियों द्वारा छुड़ाया गया। पिछले कुछ सालों में गंगापुर इलाके में पैंथर का लगातार मूवमेंट देखने को मिल रहा है। पैंथर आए दिन जानवरों को शिकार बनाते जा रहा है। पैंथर के लगातार मूवमेंट से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है।

गंगापुर । गांव में पैंथर के पग मार्क।

## मृत्युंजय नाटक का ऐतिहासिक मंचन

### भगत सिंह के विचारों और बलिदान को समर्पित एक प्रेरणादायक संध्या, शहरभर में निकाला गया भव्य जुलूस



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** सतत सेवा संस्थान द्वारा नगर परिषद सभागार में आयोजित एक ऐतिहासिक संध्या में शहीद-ए-आज़म भगत सिंह की जीवनी पर आधारित मृत्युंजय नाटक का सजीव मंचन किया गया, जिसने नगरवासियों के हृदय को देशभक्ति से भर दिया। सांय 7ः00 बजे, सर्किट हाउस से एक भव्य ओपन जीप जुलूस निकाला गया, जिसमें शहीद भगत सिंह जी के भतीजे किरणजीत सिंह और क्रांतिकारी शोधकर्ता प्रदीप देशवाल शामिल थे। यह जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होता हुआ मां भारती की जयघोष और वन्देमातरम् के नारों के बीच नगर परिषद सभागार (टाउन हॉल) पहुंचा। रास्तेभर लोगों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत ठीक 7ः59 बजे दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें महामंडलेश्वर हंसराम संत, काठिया बाबा संत दास जी, पं. बृजेंद्र शास्त्री, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, महापौर राकेश पाठक, ऋड्डरू के सीईओ योगेश दत्त तिवारी सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने भाग लिया।विशेष अतिथि किरणजीत सिंह ने भगत सिंह के जीवन के कई अनछुए पहलुओं को साझा करते हुए कहा,भगत सिंह केवल बम और बंदूक की पहचान नहीं थे, बल्कि विचारों के महान योद्धा थे। उनके आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं। नाटक के शोध निर्देशक प्रदीप देशवाल, जो अब तक 100 से अधिक क्रांतिकारियों पर शोध कर चुके हैं, ने कहाः भगत सिंह ने जिस भारत का सपना देखा था, वह सामाजिक समानता, शिक्षा, और जागरूकता से भरा भारत था। हमें उनके विचारों को जीवन में उतारना होगा।

## सकल जैन संघ गंगापुर द्वारा नवकार दिवस मनाया



**गंगापुर (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व शांति व विश्व कल्याण के लिए जीतो एवं सकलजैन संघ की प्रेरणा से विश्व नवकार दिवस पर आज सवेरे 8ः01 से 9ः36 बजे तक समस्त जैन समाज गंगापुर द्वारा स्थानीय कालू कल्याण कुंज में नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप हुआ जिसमें जैन समाज के सभी संप्रदाय के काफी संख्या में श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति रही। एक जाप, एक स्वर, एक तरह की वेशभूषा में उपस्थित भाई बहनों ने डेढ़ घंटे तक नवकार मंत्र का सामूहिक जाप कर ातावरण में आध्यात्मिक रस उंडेल दिया। सभी के शांत चेहरे, शांत मन और आध्यात्मिक उनमेष से छलकती, स्वर लहरियों ने पूरे परिसर को गुंजित कर दिया। सभी के मन आनंद से सराबोर हो उठे।स्मरणीय है कि दुनिया के 100 से अधिक देशों में जीतो के त्वाधान में विश्व नवकार दिवस मनाने के आह्वान पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में तेरापंथ सभा अध्यक्ष प्रकाश बुलिया, मंत्री रमेश हिरण, महासभा सदस्य घेवर बाबेल, राजेश रांका, राजेश गोखरू, स्थानकवासी समाज से सुरेश सिंघवी, चमन लोसर, लादू लाल महता, गौतम सांखला, संपत सेठिया, ओम प्रकाश सांखला, अमित सांखला के अतिरिक्त महिला मंडल के सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति रही।

# राजस्थान पेंशनर समाज ने सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 के खिलाफ सौंपा ज्ञापन



**जहाजपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पेंशनर समाज के अध्यक्ष किशन लाल मीणा के नेतृत्व में बुधवार को उपखंड कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्र सरकार द्वारा संसद में प्रस्तुत किए गए ष्टष्ट पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को तुरंत वापस लेने की मांग की गई।ज्ञापन में बताया गया कि भारत सरकार द्वारा वित्त विधेयक में जो अध्याय शामिल किया गया है,

वह भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय से संबंधित है, जिसके जरिए सरकार को पेंशनरों में सेवानिवृत्ति की तिथि के आधार पर भेदभाव करने का अधिकार मिल जाएगा। इससे न केवल संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होता है, बल्कि सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक डी.एस. नकारा बनाम भारत सरकार (17 दिसंबर 1982) के निर्णय को भी चुनौती दी जाती है।राजस्थान पेंशनर समाज ने कहा कि यह विधेयक 8वें वेतन आयोग के लाभों से पेंशनरों को वंचित करता है और 7वें वेतन आयोग द्वारा तय की गई समानता की भावना को भी समाप्त करता है। समाज ने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है, जिससे कि 01 जनवरी 2026 से पहले और बाद में सेवानिवृत्त पेंशनरों के बीच कोई भेदभाव न रहे।अध्यक्ष मीणा ने स्पष्ट किया कि यदि विधेयक से पेंशनरों के हितों पर ुठाराघात करने वाले प्रावधानों को नहीं हटाया गया तो समाज को आंदोलनात्मक रुख अपनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा, उम्र के इस पड़ाव में हमें सड़कों पर उतरने और आमरण अनशन पर बैठने को मजबूर होना पड़ेगा, जिसकी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

## सिन्धियत के शहदाधियुन को आज सिन्धियत दिवस के अवसर पर क्रॉस लेन में किया जायेगा सम्मानित

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** सिन्धियत के शहदाधियुन को आज सिन्धियत दिवस के अवसर पर होटल क्रॉसलेन जयपुर रोड सिटी पावर हाउस के पास में किया जायेगा सम्मानित।उपरोक्त कार्यक्रम की जानकारी प्रदान करते हुए सिन्धी गीत संगीत के कलाकरों की संस्था सिन्धु ज्योति सेवा समिति के मीडिया प्रभारी रमेश लालवानी ने बताया कि सिन्धु ज्योति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अनेक सिन्धियत के शहदाधियुन को सम्मानित किया जायेगा।रमेश लालवानी ने बताया कि सिन्धी भाषा को भारतीय संविधान की आठवीं अनुसूचि में 10 अप्रेल 1967 के दिन सम्मलित करते हुए मान्यता प्रदान की गई थी।इस उपलक्ष में सिन्धी समाज द्वारा 10 अप्रेल को प्रतिवर्ष सिन्धियत दिवस के रूप में देशभर में मनाया जाता है।गुरूवार को 10 अप्रेल को होटल क्रॉसलेन जयपुर रोड में सांयकाल 06 बजे से सिन्धी गीत संगीत के रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति सिन्धी फिल्मी कलाकारो और स्टेज कलाकारों के द्वारा दी जायेगी।

# किशनगढ़ में विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर भव्य आयोजन-हजारों लोगों ने किया एक साथ जाप



**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** मार्बल व धर्म नगरी किशनगढ़ में बुधवार को सकल जैन समाज द्वारा विश्व नवकार महामंत्र दिवस बड़े ही भव्य और अनुशासित रूप में मनाया गया। इस अवसर पर जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गनाइजेशन की ओर से सूरजदेवी पाटनी सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में किशनगढ़ सहित दुनिया के 108 देशों में एक साथ, एक ही समय पर नवकार महामंत्र का जाप किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसी एक व्यक्ति विशेष के लिए नहीं था, बल्कि सम्पूर्ण जगत प्राणी के कल्याण के लिए किया गया। इससे शांति, संदेश प्रसारित हुआ। इस सामूहिक जाप में पुरुष वर्ग ने सफेद वस्त्र धारण किए, जबकि महिला वर्ग ने श्रद्धा के प्रतीक रूप में लाल चुनरी ओढ़कर भागीदारी की। संगीतमय नवकार महामंत्र जाप सुबह 8ः01 पर शुरू हुआ और 9ः36 तक चला। इस अध्यात्मिक ऊर्जा से भरपूर आयोजन में लगभग 2 हजार 5 सौ लोगों ने भाग लिया। इसकी ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया भी की गई, जिससे इसे गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर आरके मार्बल के अशोक पाटनी, मार्बल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर जैन, विधायक डॉ. विकास चौधरी, और जैन समाज के सभी संप्रदायों दिगंबर, श्वेतांबर, मंदिर मार्गी, तेरापंथ के प्रतिनिधि, महिला मंडल और नवयुवक मंडल के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# भक्ति संध्या का आयोजन




**मदनगंज किशनगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** दिगंबर जैन महिला महासमिति के तत्वाधान में आरके कम्युनिटी सेंटर में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक मंत्री मोना झांझरी ने बताया कि सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विमल पाटनी महेंद्र पाटनी, अनीता पाटनी कल्पना पाटनी परिवार उरसेवा वालों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। तत्पश्चात विशिष्ट अतिथि शांता पाटनी आर. के. मार्बल, महासमिति अध्यक्ष सुलोचना कासलीवाल, कोषाध्यक्ष मीना सेठी, सांस्कृतिक मंत्री मोना झांझरी, धार्मिक मंत्री अंतिमाँ झांझरी ने मंगलाचरण किया।

## चित्तौड़गढ़ में यूरिया के गैर-कृषि उपयोग की रोकथाम को लेकर निरीक्षण अभियान

**चित्तौड़गढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि आयुक्तालय जयपुर के निर्देशों पर जिले में विशेष गुण नियंत्रण अभियान चलाया गया, जिसका उद्देश्य अनुदानित यूरिया के गैर-कृषि उपयोग—जैसे कि प्लाईवुड, पशु आहार, पेंट और डेफ यूरिया के निर्माण को रोकना था। यह अभियान 8 एवं 9 अप्रैल को सम्पूर्ण जिले की सभी पंचायत समितियों में चलाया गया।

अभियान के दौरान उर्वरक निरीक्षकों ने अपने-अपने क्षेत्र में संबंधित विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) दिनेश कुमार जागा ने जानकारी दी कि जांच के दौरान जिले में किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने नहीं आई है।

# पुर्व सीएम राजे ने किया ‘नजर एप को लॉन्च का आगाज’ 360 लाख से अधिक विकास कार्यो किया लोकार्पण



**झालरापाटन (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं झालरापाटन विधानसभा क्षेत्र की विधायक वसुन्धरा राजे एवं झालावाड़-बारां लोकसभा क्षेत्र के सांसद दुष्यंत सिंह ने पंचायत समिति पिड़ावा मुख्यालय सुनेल केनवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कड़ोदिया एवं माथनिया के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जो 360 लाख रूपए की लागत से बनकर तैयार हुए विधिवत फीता काटकर एव

**पट्टिका का अनावरण कर लोकार्पण किया।** लोकार्पण समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि झालावाड़ के चिकित्सा स्टाफ ने भरपूर मेहनत कर चिकित्सा के क्षेत्र में जिले का देशभर में नाम रोशन किया है। चिकित्सा के क्षेत्र में जिले ने सभी रिकार्ड तोड़े हैं। उन्होने कहा कि झालरापाटन विधानसभा देश की पहली विधानसभा है जहां सभी सीएचसी पर डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध है। वहीं टीबी मुक्त जिले के रूप में झालावाड़ राज्य में प्रथम स्थान पर रहा है।उन्होंने कहा कि हम सबने मिलकर जो सपने देखे थे, वे पूरे हुए हैं और कई नए सपनों ने जन्म लिया है, वो भी अवश्य पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि झालावाड़ ने जो ऊचाईयां प्राप्त की है उस पर कायम रहना है और इससे भी ऊपर जाना है। उन्होंने जिला कलक्टर अजय सिंह राठौड़ के नेतृत्व जिला प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यो की प्रशंसा की। साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में जिले को अग्रणी बनाने हेतु किए गए प्रयासों के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान की भी प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि झालावाड़ जिला रेलमार्ग से जुड़ चुका है और शीघ्र ही यहां से हवाई यात्रा की सुविधा भी प्रारंभ होगी।राजनीति में मिला सहाराः- उन्होंने लालसिंह टेका का नाम लेते हुए कहां कि मुझे दुष्यंत सिंह का राजनीति में सहारा मिल गया हैं. जो कुशल नेतृत्व के धनी हैं. इस दौरान झालावाड़-बारां सांसद दुष्यन्त सिंह ने कहा कि एक समय झालावाड़ में चिकित्सा सेवाएं छोटे स्तर पर होने के कारण यहां की जनता को काफी परेशानी होती थी। लेकिन आज झालावाड़ वासियों को बड़े शहरों की तर्ज पर चिकित्सा सुविधाएं मिल रही हैं। पहले डायलिसिस कराने के लिए बाहर जाना पड़ता था। इसको देखते हुए जिला मुख्यालय पर डायलिसिस की सुविधा प्रारम्भ की गई। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्या को भी ध्यान में रखते हुए सीएचसी स्तर पर भी डायलिसिस की सुविधा प्रारंभ की गई। जिसे मॉडल के रूप में अन्य जिलों ने भी अपनाया है। यहां से डायलिसिस की ट्रेनिंग लेकर हमारे जिले के चिकित्सक अन्य राज्य एवं जिलों में जाकर रोगियों को डायलिसिस की सुविधा प्रदान कर रहे हैं।इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुन्धरा राजे एवं सांसद दुष्यन्त सिंह द्वारा जिले में चिकित्सा के क्षेत्र में किए गए अथक प्रयासों के बारे में बताते हुए कहा कि झालावाड़ जिला मेडिकल क्षेत्र में अग्रणी जिलों में अपनी पहचान बना चुका है।

## विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक 30 अप्रैल को

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** विवाद एवं शिकायत निवारण तंत्र अंतर्गत जिला स्तरीय समिति (डीआरएम) की बैठक जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू की अध्यक्षता में 30 अप्रैल को सांय 4 बजे जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र, में आयोजित होगी। यह जानकारी जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक ने दी।

स्वामी प्रकाशक एवं मुद्रक प्रदीप लोढा द्वारा एफ बी 3, करतारपुरा इंडस्ट्रियल एरिया रोड नंबर 4, जयपुर से मुद्रित एवं पीली कोठी, जयपुर गोल्डन, जयपुर रोड, अजमेर से प्रकाशित। फोन 2623396, संपादक - प्रदीप लोढा, प्रबंध संपादक - वैभव लोढ़ा, जयपुर कार्यालयः जी 1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। जोधपुर कार्यालय -902, तीसरी ई रोड, सरदारपुरा, जोधपुर। फोन 2433621, ई मेल hukmnama.ajmer@gmail.com

## अटल जन सेवा शिविर आयोजित

# 65 प्रकरण हुए निस्तारित जिला कलक्टर लोक बन्धु ने की भिनाय में जनसुनवाई

**अजमेर, (हुक्मनामा समाचार)।** माह के द्वितीय गुरूवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीय अटल जन सेवा शिविर में 65 प्रकरण निस्तारित कर आमजन को राहत प्रदान की गई। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने पंचायत समिति भिनाय में जनसुनवाई कर आमजन को राहत प्रदान की।




अटल जन सेवा शिविर की जिला नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर ज्योति ककवानी ने बताया कि अटल जन सेवा शिविर के माध्यम से अप्रैल माह के द्वितीय गुरूवार को समस्त उपखण्डों एवं ब्लॉकों पर जनसुनवाई आयोजित हुई। इस जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 230 प्रकरणों में से 65 का मौके पर ही निस्तारण कर आमजन को राहत प्रदान की गई। पंचायत समिति अजमेर ग्रामीण में 20, उपखण्ड कार्यालय पुष्कर में 6, पंचायत समिति अराईं में 11, पंचायत समिति सिलोरा किशनगढ़ में 11, पंचायत समिति श्रीनगर में 2, पंचायत समिति पीसांगन में 6, उपखण्ड कार्यालय सरवाड़ में 6 तथा उपखण्ड कार्यालय सावर में 3 प्रकरणों का मौंके पर निस्तारण किया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिए सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने भिनाय उपखण्ड कार्यालय में जनसुनवाई की। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार जिंगोनिया के साथ जनसुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों के साथ वार्तालाप किया। जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिकारियों को निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि समस्त प्रकरणों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करते हुए परिवादियों को संतुष्टि और राहत मिल सके,

?सी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए। विभागीय अधिकारी संपर्क पोर्टल पर औसत निस्तारण दिवस, राहत प्रतिशत एवं राहत संतुष्टि प्रतिशत में सुधार के लिये गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करें। जनसुनवाई के साथ-साथ संपर्क पोर्टल पर आने वाले सभी प्रकरणों में संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए परिवादी को राहत पहुंचाई जाए। जनसुनवाई के दौरान परिवादियों द्वारा किसान सम्मन निधि की केवाईसी, आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने, जनाधार में नाम संशोधन में तकनीकी समस्या, पीएम आवास योजना की राशि का भुगतान करवाने, सामाजिक पेंशन सत्यापन, भिनाय में सेवकों के मोहल्ले में पेयजल की समस्या, जलापूर्ति निश्चित समय पर करवाने, पानी के प्रेशर की समस्या, भिनाय बस स्टैंड पर बीच सड़क पर लगे विद्युत पोल को अन्य स्थान पर लगाने, भिनाय से बांदनवाड़ा सड़क के क्षतिग्रस्त होने, छछूंदरा राजकीय विद्यालय के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन को हटाने, बिजली के ढीले झूलते तारों को दुरुस्त करने, नियमित विद्युत आपूर्ति सहित अन्य परिवाद प्राप्त हुए। जिला कलक्टर लोक बन्धु ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पानी के प्रेशर की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र में बूस्टर एवं अवैध कनेक्शन की जांच करने एवं अवैध पाए जाने पर कार्रवाई करने को निर्देशित किया। पानी के टैंकर से सप्लाई किए जाने पर सप्लाई व्यवस्था पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने एवीवीएनएल के अधिकारियों को नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, कृषि कनेक्शन प्राथमिकता से देने एवं जीएसएस की मेंटेनेंस करने के निर्देश दिए। आगामी गर्मी के मौसम को देखते हु ए दुर्घटना संभावित लटकते झूलते तारो की मरम्मत करने एवं विद्युत संचरण लाइन का स्थानांतरण करने को निर्देशित किया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं पेच वर्क करने तथा आवश्यकतानुसार नवनिर्माण के प्रस्ताव बनाने को निर्देशित किया। साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर बोर्ड लगाने, झाड़ियों की छटाई करने एवं अन्य सुरक्षा प्रावधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के पश्चात समस्त प्रकरणों की समीक्षा करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि आमजन की समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए और संपर्क पोर्टल पर ज्यादा अवधि तक प्रकरण लम्बित नहीं रहें। प्राप्त प्रकरणों का आगामी जनसुनवाई से पूर्व निस्तारण किया जाए। राज्य सरकार की मंशा के अनुसार समस्त जिला स्तरीय और उपखण्ड स्तरीय अधिकारी आमजन की परिवेदनाओं का समुचित निस्तारण करना सुनिश्चित करें। नियमित रूप से जनसुनवाई करते हुए संपर्क पोर्टल पर आने वाले प्रकरणों का भी निर्धारित समयावधि में निस्तारण करें। उन्होंने समस्त विभागीय अधिकारियों को हीट वेव के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार तैयारी रखने के निर्देश दिए। इसमें हिट वेव की एडवाइजरी आमजन तक पहुंचाने, नरेगा श्रमिकों के लिए छाया पानी की व्यवस्था एवं आवश्यक दवाइयां को नरेगा स्थल पर पर्याप्त मात्रा में रखने, गौशाला में पशुओं के लिए चारे पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रैपिड रिस्पांस टीम का गठन कर कार्मिकों का सेंसिटाइजेशन करने, हीट स्ट्रोक के लिए बेड आरक्षित रखने, आइस पैक्स, दवाइयों की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी सुनील कुमार जिंगोनिया, तहसीलदार नीलम राठौड, ब्लॉक विकास अधिकारी अर्जुन सिंह, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर ज्योजना रंगा, जिला रसद अधिकारी नीरज जैन, सहित अन्य अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

## राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की कार्यकारिणी घोषित

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** राजीव गांधी पंचायत राज संगठन के जिला ब्यावर के अध्यक्ष राम यादव ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ सी बी यादव महासचिव केशव तिवारी की अनुशंसा पर ब्यावर जिला कार्यकारिणी की घोषणा की। उपाध्यक्ष पद पर बाबूलाल पंवार , अजय स्वामी, देवेन्द्र काठात, धर्मसिंह भाटी, टीकमसिंह कडीवाल, महासचिव पद पर सोमदेव साहू , चेतन भट्ट, जीवराज जावा, शाहिद खान, नरेन्द्र पारिक, शोभा चौधरी, मिडिया प्रभारी मोहम्मद परवेज़ सचिव पद पर अशोक पंडित, प्रहलाद गुर्जर, विनोद कोठारी, पप्पू पहलवान, मजीद क़ुरैशी, अहसान चिंगारी , महेन्द्र सिंह राणावत, सुभाष चौधरी, रमेश मेघवाल राधेश्याम दगदी मुकेश पालडिया को नियुक्त किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों को कॉंग्रेस जनों ने बधाई प्रेषित की।

## सीसी ए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस ले




**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पेंशनर्स समाज उप शाखा नसीराबाद के पेंशनर्स ने शाखा अध्यक्ष गजानंद शर्मा के नेतृत्व में पेंशनर्स हितों पर कुठाराघात से संबंधित सी सी ए पैंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने सहित अन्य विभिन्न मांगों को लेकर बुधवार को केंद्रीय वित्त मंत्री एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव को ज्ञापन सौंपा राजस्थान पेंशनर्स समाज उप शाखा नसीराबाद के पेंशनर्स ने न्यायालय स्थित पेंशनर्स समाज के भवन में सभा कर सरकार की पेंशनर्स विरोधी नीतियों पर कड़ा आक्रोश व्यक्त किया और उपखंड अधिकारी कार्यालय पहुंच कर उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव को केंद्रीय वित्त मंत्री एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह के नाम ज्ञापन सौंप कर पेंशनर्स हितों पर कुठाराघात करने वाले सी सी ए पैंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने सहित विभिन्न मांगों को लेकर

### उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव ज्ञापन सौंपा

**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** ज्ञापन में बताया कि भारत सरकार ने संसद की मंजूरी हेतु वित्त विधेयक पेश करते समय भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के लिए केन्द्रीय सिविल सेवा ( पेंशन) नियमों एवं सिद्धांतों की मान्यता हेतु एक अध्याय शामिल किया है, इसके माध्यम से सरकार को पेंशन भोगियों के बीच अंतर स्थापित करने का अधिकार मिल गया है जो केंद्रीय वेतन आयोग की स्वीकृत सिफारिशों पर लागू हो सकता है ।

## नवकार महामंत्र का 2000 श्रद्धालुओं ने किया सामूहिक मंत्रोच्चार



**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के जवाहर भवन में बुधवार को जैन समाज द्वारा आयोजित नवकार महामंत्र के सामूहिक जाप में 2000 से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। सुबह 7:30 बजे से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था। प्रोजेक्ट कन्वीनर बीना नाहर के स्वागत भाषण के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। सुबह 8:15 बजे से नवकार महामंत्र का सामूहिक जाप प्रारंभ किया गया। जीतो ब्यावर चैप्टर के चेयरमैन रतन कोठारी और चीफ सेक्रेटरी सुभाष ओस्तवाल ने कार्यक्रम की व्यवस्थाएं संभालीं। जाप के उपरांत जीतो के अपेक्स अध्यक्ष पृथ्वीराज कोठारी ने दिल्ली से संदेश दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भगवान महावीर स्वामी के 2550वें कल्याण दिवस पर विशेष संदेश भी प्रसारित किया गया। कार्यक्रम में ब्यावर विधायक शंकर सिंह रावत, भामाशाह सुनील खेतपालीया और सकल जैन समाज के पदाधिकारी सपरिवार मौजूद रहे। श्रद्धालुओं को प्रवेश के समय माला और अल्पाहार तथा विदाई पर मिश्री-केसर की प्रभावना दी गई।

जीतो ब्यावर चैप्टर की पूरी टीम ने कार्यक्रम को सफल बनाया। इसमें ट्रेजरार निर्मल खींवसरा, सेक्रेटरी प्रवीण मुथा, वाइस प्रेसिडेंट सुमन जैन मनीष मेहता समेत अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

यह आयोजन जैन समाज की एकजुटता और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक बना।

## विधायक विकास चौधरी ने परिसीमन के संबंध में जिला कलेक्टर से मिलकर दर्ज कराई आपत्ति



**किशनगढ (हुक्मनामा समाचार)।** किशनगढ़ विधायक डॉं विकास चौधरी ने आज जिला कलेक्टर लोकबंधु से मुलाकात कर पंचायती राज एवं नगर निकाय में किए गए परिसीमन को पक्षपात पूर्ण लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ बताया ! विधायक चौधरी ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि पंचायती राज एवं नगर निकाय में किए जा रहे परिसीमन में टेमैन को और जनहित को दरकिनार कर निजी स्वार्थ और राजनीतिक लाभ के लिए किया गया । पक्षपात पूर्ण परिसीमन लोकतंत्र की मूल भावना के खिलाफ है। विधायक चौधरी ने कहा कि जिस तरह से भाजपा ने केवल अपने फायदे नुकसान को ध्यान में रखते हुए मापदंडों की खुली अवहेलना की है, यह परिसीमन भाजपा के लिए सुविधासीमन लग रहा है। जो की दुर्भाग्यपूर्ण है, जिसकी विधायक चौधरी ने कठोर शब्दों में निंदा की। विधायक चौधरी ने जिला कलेक्टर को अवगत करवाया कि परिसीमन किया गया है, जिसमें अपनी आपत्ति दर्ज करवा कर तुरंत संशोधन करने की मांग की।उन्होंने बताया कि किशनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अराई-बोराडा क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से परिसीमन की मांग थी। लेकिन राजनीतिक दुर्भावना के कारण उनको पूर्ण रूप से वंचित रखा गया। आम जनता को को अपने पंचायत मुख्यालय जाने के लिए मिलों दूरी सफर करनी पड़ती है, जिसको लेकर स्थानीय निवासियों जनप्रतिनिधियों और यहां तक की उपखंड स्तर के अधिकारियों ने भी जिला कलेक्टर को प्रस्ताव भेजे थे लेकिन एक भी पंचायत का परिसीमन नहीं किया गया जो की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।**कांग्रेसी वार्डो को खत्म किया गया**किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि किशनगढ़ नगर परिषद में परिसीमन ने पूरे शहरी क्षेत्र में कांग्रेसी वार्डों में तोड़फोड़ की गई, कई कांग्रेसी वार्डों को पूर्णतया खत्म किया गया। जबकि कई वार्ड जो परिसीमन के दायरे में आते थे उनमें किसी प्रकार का फेरबदल नहीं किया गया।इस दौरान विधायक डॉ विकास चौधरी के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी किशनगढ़ के अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, नगर परिषद में नेता प्रतिपक्ष हमीदा बानो, नगर अध्यक्ष आजम कुरेशी, जगदीश गोरा कानाराम चोटिया, सुरेश बढ़ाना राधेश्याम वैष्णव चेतन शर्मा अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के ने वर्तमान महासचिव शिव कुमार बंसल आरिफ हुसैन कांग्रेस ओबीसी विभाग के प्रदेश महासचिव मामराज सेन हेमराज सिसोदिया पूर्व पार्षद नितिन जैन आदि उपस्थित रहे !

### जल भराव की समस्या से मिलेगी निजात- भदेल

## विधायक अनीता भदेल ने 2 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत के नाला निर्माण कार्य का किया शुभारंभ



**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** अजमेर दक्षिण विधायक अनिता भदेल द्वारा बुधवार को वार्ड नंबर 38 में 2 करोड़ 94 लाख रुपए की लागत से बनने वाले नाले के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अनीता भदेल ने कहा कि वर्ष 2024 25 बजट घोषणा के तहत नाले का निर्माण किया जाएगा। क्षेत्र में नालों के निर्माण के लिए 44 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। इसके लिए नालों की डीपीआर तैयार करवाई गई है।

साथ ही अर्जुन लाल सेठी एवं गड्डी मालियान में 15 करोड़ रुपए की लागत से अजमेर विकास प्राधिकरण द्वारा नाले का निर्माण किया जाएगा। निरंतर किए गए प्रयासों से क्षेत्र को जल निकासी की समस्या से जल्द निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि जल की निकासी के स्त्रोतों पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नाली नालों पर अतिक्रमण करने से समुचित जल निकासी व्यवस्था प्रभावित होती है। इस पर प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाएगी। साथ ही नालों के रखरखाव के लिए नियमित साफ सफाई आवश्यक होती है। इसके लिए वाहनों के आवागमन के लिए मार्ग पर अतिक्रमण होने से अवरोध उत्पन्न होता है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को अतिक्रमण पाए जाने पर त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### डमी, पेपर लीक व चीटिंग रोकने के लिए दिए गए सख्त निर्देश और सुरक्षा उपाय

## राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा जेल प्रहरी एवं पटवारी सीधी भर्ती परीक्षाओं को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

**ब्यावर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड के चेयरमैन मेजर जनरल आलोक राज की अध्यक्षता में जेल प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 (12 अप्रैल) एवं पटवारी सीधी भर्ती परीक्षा-2025 (11 मई) के सफल एवं पारदर्शी संचालन के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में परीक्षा में डमी अभ्यर्थियों, पेपर लीक एवं चीटिंग जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए अहम टिप्स और दिशा-निर्देश साझा किए गए। चेयरमैन आलोक राज ने बताया कि अभ्यर्थियों के हस्ताक्षर तीन बार लिए जाने की व्यवस्था—आवेदन के



समय और परीक्षा के दौरान दो बार—से पहचान सत्यापन सख्ती से सुनिश्चित किया जा सकेगा, जिससे किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को रोका जा सकेगा। उन्होंने कहा कि परीक्षा का आयोजन एक अत्यंत संवेदनशील कार्य है, जिसके लिए सटीक सूचना, समुचित प्रशिक्षण तथा अत्याधुनिक तकनीकी व्यवस्थाएं जरूरी हैं। इसी उद्देश्य से बोर्ड ने क्रश्वद्बरु (राजकीय उपक्रम) के माध्यम से सभी परीक्षा केन्द्रों पर ष्टष्टञ्जङ्क निगरानी, बायोमैट्रिक सत्यापन, फ्रिस्किंग (शारीरिक जांच) एवं मेटल डिटेक्टर जैसी सुरक्षा सुविधाएं सुनिश्चित की हैं। परीक्षाओं के निष्पक्ष और सफल आयोजन के लिए बोर्ड ने कई अन्य नवाचार भी किए हैं, जिनकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को दी गई है।

जिला कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडगावत ने बताया कि परीक्षाओं के सुचारु आयोजन हेतु 7 अप्रैल से 9 अप्रैल के मध्य बोर्ड अध्यक्ष द्वारा संबंधित जिलों में समन्वयात्मक बैठकें की गईं। बोर्ड ने सभी अभ्यर्थियों को निष्पक्ष एवं सुरक्षित परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी हैं तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे सभी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र, जिला शिक्षा अधिकारी अजय गुप्ता, कोषाधिकारी सहित परीक्षा केन्द्रों पर नियुक्त केन्द्राधीक्षक एवं उपसमन्वयक भी उपस्थित रहे।

## णमोकार महामंत्र दिवस पर णमोकार महामंत्र पाठ का आयोजन



**नसीराबाद (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व महामंत्र णमोकार महामंत्र दिवस पर विश्व के 108 देशों में विश्व कल्याण हेतु बुधवार को नवकार महामंत्र पाठ का आयोजन किया गया कस्बे में भी दिगंबर जैन समाज के द्वारा सदर बाजार स्थित बड़े मंदिर में नवकार महामंत्र पाठ का आयोजन किया गया जिसमें कि दिगंबर जैन समाज के सैकड़ो महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया श्वेतांबर जैन समाज के द्वारा भी राज नारायण रोड स्थित महावीर भवन नवकार महामंत्र पाठ का आयोजन किया गया।

## आर्थिक कमजोर वर्ग के 25 आवेदकों को मिलेगा स्वरोजगार के लिए ऋण

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड द्वारा आर्थिक कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस के लिए ब्याज अनुदान योजना के तहत स्वरोजगार के लिए ऋण सुविधा उपलब्ध करवाया जाएगा।

इस योजना में पात्र आवेदकों को बैंकों के माध्यम से 50 हजार से 15 लाख रूपये तक का ऋण प्रदान किया जाएगा। परियोजना प्रबंधक अनुजा निगम जयप्रकाश ने बताया कि इस योजना का लाभ केवल आर्थिक कमजोर वर्ग ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र धारकों को मिलेगा। अनुजा निगम द्वारा इन लाभार्थियों को तीन प्रतिशत से पांच प्रतिशत तक ब्याज अनुदान राशि स्वीकृत की जाएगी।

योजना के अंतर्गत अजमेर जिले के 25 लाभार्थियों को चयनित कर योजना से लाभान्वित किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए व्यक्ति अजमेर जिले का मूल निवासी होना चाहिए। साथ ही परिवार की वार्षिक आय 3 लाख या उससे कम होनी चाहिए।

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने शिवपुर हैड का किया निरीक्षण

**श्रीगंगा नगर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की प्राथमिकता में किसानों का कल्याण सर्वोपरि है। इसी कड़ी में आज माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने श्रीगंगानगर जिले के शिवपुर हैड का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान क्षेत्र में जल आपूर्ति व्यवस्था, सिंचाई प्रबंधन, एवं जल संरक्षण की स्थिति की गहन समीक्षा की गई। निरीक्षण के पश्चात अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जल प्रबंधन में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाए, जिससे किसानों को समय पर सिंचाई जल उपलब्ध हो सके और फसलों की उत्पादकता में वृद्धि हो। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है। शिवपुर हैड जैसे महत्वपूर्ण जल स्त्रोतों का संरक्षण एवं प्रबंधन हमारी प्राथमिकता है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि खेतों तक जल की समुचित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

साथ ही, जल के दुरुपयोग को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि हमारी सरकार सिंचाई तंत्र को और अधिक सशक्त बना रही है। शिवपुर हैड पर आवश्यक मरम्मत कार्यों एवं तकनीकी सुधारों की योजना तैयार की जा रही है ताकि आगामी कृषि सत्र में किसानों को किसी भी प्रकार की कठिनाई न हो। इस अवसर पर जिला प्रशासन के अधिकारी, सिंचाई विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। राज्य सरकार का संकल्प है ''हर खेत तक पानी, हर किसान को सम्मान।

## मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन अभियान 2.0 जिला स्तरीय समिति की बैठक 15 अप्रैल को

**अजमेर, (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री जल स्वालम्बन अभियान 2.0 द्वितीय चरण की डीपीआर का जिला स्तरीय समिति से अनुमोदन के लिए जिला कलक्टर लोक बन्धु की अध्यक्षता में मंगलवार 15 अप्रैल को सायं 3 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक का आयोजन किया जाएगा।

## सम्पादकीय...

## राज्यपाल को फटकार



सुप्रीम कोर्ट ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि को कड़ी फटकार लगाते हुए कहा है कि उनके द्वारा विधानसभा में पारित 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के विचार को भेजने की जगह रख कर रखना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लेख होने के साथ ही गैरकानूनी और मनमाना व्यवहार भी है। सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्य पीठ ने कहा है कि 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के विचार हेतु सुरक्षित रखने का राज्यपाल का काम गैर कानूनी और मनमाना है तथा इसलिए इसे खारिज किया जाता है अदालत ने कहा 10 विधेयकों को उस तारीख से लागू माना जाएगा जिस दिन उसे राज्यपाल के समक्ष पूनः प्रस्तुत किया गया था ।

अदालत ने कहा कि राज्यपाल को सावधानी बरतनी चाहिए कि राज्य विधानसभा के सामने अवरोध पैदा करके जनता की इच्छा का दामन नहीं हो, कोर्ट ने माना कि राज्य विधानसभा के सदस्य लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अनुरूप राज्य की जनता द्वारा चुने जाने के नाते राज्य की जनता की भलाई सुनिश्चित करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार है अदालत में संविधान के अनुच्छेद 200 के तहत राज्यपाल के पास कोई विवेक अधिकार नहीं होता और उन्हें मंत्रिमंडल की सहायता एवं सलाह पर अनिवार्य रूप से कार्रवाई करनी होती है संविधान का अनुच्छेद 200 विधेयक की स्वीकृति से संबंधित है पीठ ने कहा कि राज्यपाल सहमति को रोक नहीं सकते और पूर्ण विटो या आशिक विटो की अवधारणा नहीं अपना सकते सुप्रीम कोर्ट का कहना था कि राज्यपाल एक ही रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होते हैं विधेयकों को स्वीकृति देना संस्कृति रोकना और राष्ट्रपति के विचार के लिए सुरक्षित रखना । पीठ ने कहा कि यह विधेयकों को दूसरी बार राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किए जाने के बाद उसे राष्ट्रपति के विचार सुरक्षित रखे जाने के पक्ष में नहीं है माना जा रहा है कि मौजूदा केंद्र सरकार गैर एनडीए सरकारों को राज्यपाल के मार्फत परेशान करने का कार्य करती है दिल्ली में केजरीवाल सरकार को उपराज्यपाल ने बहुत परेशान किया यह जनता के सामने है मौजूदा उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ ने पश्चिम बंगाल में राज्यपाल रहते हुए क्या किया यह किसी से छुपा नहीं है राज्यपाल के कंधे पर बंदूक रखकर चलाने से लोकतंत्र कमजोर होगा यह सभी राजनीतिक पार्टियों को समझ लेना चाहिए क्योंकि सत्ता परिवर्तन नियम है और आज जो जिसके साथ कर रहा है कल वह उसके साथ भी हो सकता है।

वैभव लोढ़ा...

## क्रॉस फायर

❑जयपुर ब्लास्ट में चारो आतंकियों को ताउम्र जेल की सजा।

◆इतनी कम सजा।

❑वक्फ संशोधन कानून देश भर में लागू हुआ।

◆दंगे कराने का मकसद पूरा हुआ।

❑राहुल गांधी बोले हम दलित मुसलमान ब्राह्मण में उलझे रहे ओबीसी हमारा साथ छोड़ गया।

◆देर आए दुरुस्त आए।

❑राजस्थान में फर्जी सिली कशिश क्लेम में 6 एफ आई आर दर्ज।

◆खाया पिया निकलवाना चाहिए।

❑मुख्यमंत्री भजनलाल बोले राज्य सरकार किसानों के विकास को दे रही सर्वोच्च प्राथमिकता।

◆क्योंकि किसान ही सब कुछ है।

❑ पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा भाजपा से सस्पेंड 3 दिन में मांगा पार्टी ने जवाब।

◆दिखावटी कार्यवाही।

❑जयपुर में कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष ने कार से नो को कुचला, 3 की मौत।

◆मैं शराबियों को पदाधिकारी बनाते हैं।


❑प्रदेश में जून से पहले नहीं होंगे पंचायत चुनाव।

◆जून में होने की संभावना अभी कहां।

..............अंजू लोढ़ा

## आज का राशिफल

**गुरूवार 10 अप्रैल 2025**



**मेष राशि:** पूर्व नियोजित यात्रा को टालना पड़ सकता है। आज आपको अपने खर्च पर संतुलन बनाना होगा, आय की तुलना में खर्च अधिक हो सकता है।



**वृषभ राशि:** आज किस्मत का साथ मिलेगा। मेहनत के अनुपात में दोगुना लाभ प्राप्त कर सकेंगे। अपना व्यवहार सहयोगात्मक रखें।



**मिथुन राशि:** आज कार्य की व्यस्तता रहेगी, धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी और नई तकनीक की जानकारी के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। कुल मिलाकर आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा।



**कर्क राशि:** भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। सावधानीपूर्वक एवं सोच-विचार करके ही काम करें, लाभ मिलेगा। आज अपने अधूरे कार्यों को पूरा करने का प्रयास करें।



**सिंह राशि:** जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद हो सकता है, सचेत होकर कार्य करें। अपनी भावनाओं पर नियंत्रण रखकर कोई भी निर्णय लें।



**कन्या राशि:** आज आपके विरोधी परास्त होंगे। प्रिय व्यक्ति से मुलाकात एवं उनकी उपस्थिति आपको प्रसन्न रखेगी।




**तुला राशि:** आपकी योग्यता और कार्यक्षमता की तारीफ होगी। आपके सहकर्मी आपसे सीख लेंगे, परिवार मे रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा।



**वृश्चिक राशि:** बीते दिनों की बेचैनी आज शांत हो जाएगी, मन में आंतरिक शांति का अनुभव होगा, अतिरिक्त आय के नए साधन नजर आएंगे।




**धनु राशि:** खुशी बरकरार रहे इसके लिए सावधान होकर कोई भी काम करें। किसी से वाद-विवाद में न पड़ें, आज क्रोध व वाणी पर नियंत्रण रखना आवश्यक है।



**मकर राशि:** नवीन कार्य के सिलसिले में यात्रा कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पराक्रम एवं आत्मविश्वास में वृद्धि का योग है। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन होसकती है।



**कुम्भ राशि:** आज ग्रहों की चाल से आपको लाभ का मौका मिल रहा है। दिन की शुरुआत धन लाभ से होगी, बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा।



**मीन राशि:** लंबे समय से चली आ रही उलझन से छुटकारा मिलेगा। आलस्य छोड़कर कार्य में जुटे रहें, अनावश्यक खर्च से बचें। नौकरी और व्यवसाय में स्थिति आपके अनुकूल रहेगी।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# भगवान महावीर-भारतीय संस्कृति का सूरज



ललित गर्ग



प्रत्येक वर्ष हम भगवान महावीर की जन्म-जयन्ती मनाते हैं। महावीर जयन्ती मनाने का अर्थ है महावीर के उपदेशों को जीवन में धारण करने के लिये संकल्पित होना, महावीर बनने की तैयारी करते हुए देश एवं दुनिया में अहिंसा, शांति, करूणा, प्रेम, सह-जीवन को साकार करना। शांतिपपूर्ण, उन्नत एवं संतुलित समाज निर्माण के लिए जरूरी है महावीर के बताये मार्ग पर चलना। सफल एवं सार्थक जीवन के लिये महावीर-सी गुणात्मकता को जन-जन में स्थापित करना। कोरा उपदेश तक महावीर को सीमित न बनाएं, बल्कि महावीर को जीवन का हिस्सा बनाएं, जीवन में ढालें। भगवान महावीर एक युग प्रवर्तक, कालजयी महापुरुष थे। उन्होंने एक क्रांति द्रष्टा के रूप में मानवजाति के हृदय में नवीन चेतना का संचार अपने जीवन-अनुभवों, उपदेशों, शिक्षा और सिद्धांतों के द्वारा किया। भगवान महावीर सामाजिक क्रांति के शिखर पुरुष थे, वे भारतीय संस्कृति का सूरज हैं। महावीर का दर्शन अहिंसा, शांति और समता का ही दर्शन नहीं है बल्कि क्रांति का दर्शन है। व्यक्तिगत एवं समााजिक क्रांति के संदर्भ में उनका जो अवदान है, उसे उजागर करना वर्तमान युग की बड़ी अपेक्षा है। ऐसा करके ही हम दुनिया में युद्ध, हिंसा, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा, तनाव को समाप्त कर एक उन्नत, शांतिपूर्ण, स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकेंगे। महावीर जन्म से ही अतीन्द्रिय ज्ञानी थे। उन्होंने कहा तुम जो भी करते हो- अच्छा या बुरा, उसके परिणामों के तुम खुद ही जिम्मेदार हो। अपने ज्ञान से उन्होंने प्राणी मात्र में चैतन्य की धारा प्रवाहित की। अक्सर वे कहा करते थे- सुख-दुख के तुम स्वयं सर्जक हो। भाग्य तुम्हारा हस्ताक्षर है। मां को फूलों से सजते देख धीरे से बोल उठे-मां! देखो ये फूल रो रहे हैं। उन्होंने लहलहाती दूब पर चलने की मां की मनुहार को भी ठुकरा दिया। मां! इस दूर्वा की सिसकियां मेरे प्राणों में सिहरन पैदा कर रही हैं। मैं भला कैसे अपने पैरों से रौंदने का साहस करूं? क्षणिक स्पर्श सुख के लिए किसी को परितापित करना क्या उचित है मां? उनकी करुणा एवं सूक्ष्म अहिंसा के सामने मां मौन थी। मन ही मन अपने लाडले की महानता के सामने नत थी। कभी किसी निरपराध अभावग्रस्त व्यक्ति की दासता उनके कोमल दिल को कचोट जाती तो कहीं अहं और दर्प में मदहोश सत्तासीन व्यक्तियों का निर्दयतापूर्ण क्रूर व्यवहार उनके मृदु मानस को आहत कर देता। महावीर घण्टों-घण्टों तक इन समस्याओं का समाधान पाने चिंतन की डुबकियों में खो जाते।

तीस वर्ष की युवावस्था में सहज रूप से प्राप्त सत्ता वैभव और परिवार को सर्प कंचुकीवत् छोड़ साधना के दुष्कर मार्ग पर सत्य की उपलब्धि के लिए दृढ़ संकल्प के साथ चल पड़े। साधिक बारह वर्ष तक शरीर को भुला अधिक से अधिक चैतन्य के इर्द-गिर्द आपकी यात्र चलती रही। ध्यान की अतल गहराइयों में डुबकयिां लगाते हुए सत्य सूर्य का साक्षात्कार हुआ। वे जिस दिन सर्वज्ञ व सर्वदर्शी बन गये वह पावन दिन था वैशाख शुक्ला दशमी। महावीर ने आकांक्षाओं के सीमाकरण की बात कही। उन्होंने कहा मूर्च्छा परिग्रह है उसका विवेक करो। आज की समस्या है- पदार्थ और उपभोक्ता के बीच आवश्यकता और उपयोगिता की समझ का अभाव। उपभोक्तावादी संस्कृति महत्वाकांक्षाओं को तेज हवा दे रही है, इसीलिए जिंदगी की भागदौड़ का एक मकसद बन गया है- संग्रह करो, भोग करो। महावीर का दर्शन था खाली रहना। इसीलिए उन्होंने जन-जन के बीच आने से पहले, अपने जीवन के अनुभवों को बांटने से पहले, कठोर तप करने से पहले, स्वयं को अकेला बनाया, खाली बनाया। तप तपा। जीवन का सच जाना। फिर उन्होंने कहा अपने भीतर कुछ भी ऐसा न आने दो जिससे भीतर का संसार प्रदूषित हो। न बुरा देखो, न बुरा न सुना, न बुरा कहो। यही खालीपन का संदेश सुख, शांति, समाधि का मार्ग है। दिन-रात संकल्पों-विकल्पों, सुख-दुख, हर्ष-विषाद से घिरे रहना, कल की चिंता में झुलसना तनाव का भार ढोना, ऐसी स्थिति में भला मन कब कैसे खाली हो सकता है? कैसे संतुलित हो सकता है? कैसे समाधिस्थ हो सकता है? जो आज को जीना सीख लेता है, समझना चाहिए उसने मनुष्य जीवन की सार्थकता को पा लिया है और ऐसे मनुष्यों से बना समाज ही संतुलित हो सकता है, स्वस्थ हो सकता है, समतामूलक हो सकता है। हर युग की अपनी समस्याएं होती हैं। वर्तमान की भी अपनी समस्याएं हैं। आदमी सदा अपनी समस्या का समाधान खोजता है और खोजता रहा है। तो क्या समस्या भी वर्तमान की और समाधान भी वर्तमान का, यही पर्याप्त है या इसके सिवाय दूसरा भी कोई विकल्प हमारे सामने है? मैंने पढ़ा अमेरिका की एक पत्रिका 'टाइम्स' में कि अब सिंगापुर, चीन आदि में कंफ्यूशियस को फिर लाया जा रहा है। यानी कि वर्तमान समस्या का समाधान अतीत में खोजने का प्रयत्न किया जा रहा है। हमें महावीर को समझना है तो शाश्वत और अशाश्वत दोनों को समझना होगा। अतीत और वर्तमान, दोनों को समझना होगा। महावीर ने सापेक्षता का दर्शन दिया। हर आदमी एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। न केवल आदमी बल्कि प्रत्येक पदार्थ एक-दूसरे से जुड़ा हुआ है। हमारी विचार-तरंगें, हमारी वाणी की तरंगे, संसार की तरंगों से जुड़ी हुई हैं। सारा विश्व एक शृंखला में जुड़ा हुआ है। इसी आधार पर आचार्य उमास्वामी ने लिखा था-'परस्परोपग्रहो जीवानाम्', जीव का स्वभाव है एक-दूसरे का आलंबन बनना, सहारा बनना। यह 'स्ट्रंगल फार सरवाइवल' या 'स्ट्रगल फॉर एक्जिसटेंस' वाली बात अहिंसा के क्षेत्र में मान्य नहीं हो सकती। आज की यह विचारधारा बन गई है कि 'या मैं या तुम'। दोनों साथ नहीं चल सकते। संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना इसीलिए हुई कि विरोधी विचारधारा वाले राष्ट्र भी एक साथ रह सकें, विकास कर सकें। डॉ. राधाकृष्णन ने भगवान महावीर के बारे में कहा था-आज यह जो पूरा लोकतंत्र जीया जा रहा है, महावीर के आधार पर जीया जा रहा है। वर्तमान की समस्या के समाधान के लिए हमारी दृष्टि वर्तमान पर ही न रहे, वह पीछे की ओर भी जाए। अतीत में भी हमारी समस्या के बहुत से समाधान छिपे हुए हैं। उनका साक्षात्कार करें। इसी से हमारा नया जन्म होगा। भगवान महावीर हिंदुस्तान के महान सपूत थे। महावीर की अहिंसा में क्रमिक विकास के लिए अवकाश है। मुनि के लिए उन्होंने अहिंसा के महाव्रत का विधान किया। किंतु गृहस्थ के लिए अहिंसा के अणुव्रत का विधान है। लोकतंत्र की आधारभूमि अहिंसा और अनेकांत है। लोकतंत्र के नायकों में सबको विकास का समान अवसर देने व दूसरों के विचारों के प्रति न्याय करने की भावना प्रबल होने पर ही वह सफल होता है, अन्यथा नहीं। महावीर संयम-प्रधान व्यक्ति थे। वैसे तो संयम भारतीय साधना का सामान्य तत्त्व है। महावीर ने उसे अपनी साधना में मुख्य स्थान दिया था। उन्होंने अहिंसा को इसी संदर्भ में स्वीकार किया कि वस्तुतः अपना संयम करना ही अहिंसा है। महावीर का एक महत्वपूर्ण संदेश है 'क्षमा'। भगवान महावीर ने कहा कि 'खामेमि सव्वे जीवे, सव्वे जीवा खमंतु मे, मित्ती में सव्व भूएसू, वेर मज्झं न केणई'। अर्थात् 'मैं सभी से क्षमा याचना करता हूं। मुझे सभी क्षमा करें। मेरे लिए सभी प्राणी मित्रवत हैं।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# असहिष्णुता के माहौल में भगवान महावीर के विचारों की प्रासंगिकता



बाल मुकुन्द ओझा

भगवान महावीर जयंती का पर्व इस वर्ष 10 अप्रैल को पूरे देश में मनाया जा रहा है। आज देश और दुनिया में सर्वत्र हिंसा, धार्मिक असहिष्णुता तथा नफरत का माहौल व्याप्त हो रहा है। लोग एक दूसरे के खिलाफ लड़ - मरने को तैयार है। हम असहिष्णुता और विभिन्न पंथों के लोगों के खिलाफ घृणा आधारित हिंसा देख रहे है। ऐसे में भगवान् महावीर के विचारों की प्रासंगिकता आज भी हमें नेकी के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

भगवान महावीर की 2623वीं जयंती पर हमें उनके बुनियादी सिद्धांतों अहिंसा, अनेकांत, अपरिग्रह, की याद दिलाती है, जिनपर चलकर मानव जाति की इन समस्याओं को हल संभव है। महावीर ने जाति, समुदाय, धर्म, रंग या क्षेत्र के आधार पर असमानता को दूर करने के लिए अनेकांत (अनेकता में एकता) का सिद्धांत प्रतिपादित किया था।इस दिन हमें भगवान महावीर के विचारों का गहन मंथन कर आत्मसात करने की जरुरत है। वे महान समाज सुधारक थे। उनके बताये मार्ग पर चलकर हम अपने समाज को शांति और भलाई का रास्ता दिखा सकते है। महावीर स्वामी का जन्म दिवस चैत्र की शुक्ल त्रयोदशी को मनाया जाता है।

जैन समुदाय के लिए महावीर जयंती का विशेष महत्व होता है। महावीर स्वामी जैन धर्म के प्रवर्तक भगवान श्रीआदिनाथ की परंपरा में चौबीसवें तीर्थंकर हैं। महावीर स्वामी ने अहिंसा परमो धर्म सूत्र दिया। महावीर जयंती जैन समुदाय द्वारा भगवान महावीर के जन्म की खुशी में उत्सव के रूप में मनाते हैं। पंचशील सिद्धान्त के प्रर्वतक और जैन धर्म के चौबीसवें तीर्थंकर महावीर अहिंसा के प्रमुख ध्वजवाहकों में से एक है। भगवान महावीर ने पूरे समाज को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। जैन समुदाय इस पर्व को उत्सव के तौर पर मनाते हैं। मगवान महावीर ने हमेशा से ही दुनिया को अहिंसा और अपरिग्रह का संदिश दिया है। मोक्ष पाने के बाद, भगवान महावीर ने पांच सिद्धांत लोगों को बताए जो समृद्ध जीवन और आंतरिक शांति की ओर ले जाने वाले बताये जाते हैं। ये पांच सिद्धांत इस प्रकार हैं, पहला अहिंसा, दूसरा सत्य, तीसरा अस्तेय, चौथा ब्रह्मचर्य और पांचवा व अंतिम सिद्धांत है अपरिग्रह। इसी तरह किंवदंती है कि महावीर जी के जन्म से पूर्व उनकी माता जी ने 16 स्वप्न देखे थे जिनके स्वप्न का अर्थ राजा सिद्धार्थ द्वारा बतलाया गया है। महावीर स्वामी अहिंसा के पुजारी थे उनका मानना था कि इस दुनिया में जितने भी जीव है उन पर कभी भी हिंसा नहीं करनी चाहिए। भगवान महावीर का कहना है कि मनुष्य को कभी भी असत्य का मार्ग नहीं अपनाना चाहिए। मनुष्य को सत्य के मार्ग पर चलना चाहिए। महावीर स्वामी ने ब्रह्मचर्य के बारे में बताया है कि उत्तम तपस्या,ज्ञान ,संयम और विनय ब्रह्मचर्य की जड़ है।

जैन मान्यताओं के अनुसार उनका जन्म बिहार के कुंडलपुर के राज परिवार में हुआ था। भगवान महावीर का बचपन का नाम वर्धमान था। कहा जाता है कि इन्होंने 30 साल की उम्र में घर छोड़ दिया और दीक्षा लेने के बाद 12 साल तपस्या की। दीक्षा लेने के बाद महावीर 12 साल तक तपस्या की। भगवान महावीर के दर्शन के लिए भक्तों को उनके सिद्धांतों का पालन करना जरूरी होता है। महावीर स्वामी सबसे बड़ा सिद्धांत अहिंसा है। यही नहीं उनके हर भक्तों को अहिंसा के साथ, सत्य, अचौर्य, बह्मचर्य और अपरिग्रह के पांच व्रतों का पालन करना आवश्यक होता है। जैन ग्रंथों के अनुसार, 23वेंतीर्थंकर पार्श्वनाथ जी के निर्वाण प्राप्त करने के 188 वर्ष बाद भगवान महावीर का जन्म हुआ था। अहिंसा परमोधमर्रू अर्थात अहिंसा सभी धर्मों से सर्वोपरि है। यह संदेश उन्होंने पूरी दुनिया को दिया व संसार का मार्गदर्शन कियाद्य पहले स्वयं अहिंसा का मार्ग अपनाया और फिर दूसरों को इसे अपनाने के लिये प्रेरित कियाद्य जियो और जीने दो का मूल मंत्र इन्हीं की देन हैद्य महावीर के सिद्धांत में समर्पण का भाव सबसे अहम था। उनका मानना था कि मांग कर, प्रार्थना करके या हाथ जोड़कर धर्म को हालिस नहीं किया जा सकता। महावीर मानते थे कि धर्म को खुद धारण करना चाहिए, इसे किसी से मांगकर हासिल नहीं किया जा सकता। धर्म जीतने से मिलता है, जिसके लिए संघर्ष करना पड़ता है। महावीर अहिंसा के पुजारी थे उनका मानना था कि इस दुनिया में जितने भी जीव है उन पर कभी भी हिंसा नहीं करनी चाहिए।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

# महावीर स्वामी कि शिक्षाएं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में



राजेश कुमार मीना

जैन ग्रंथों और धार्मिक लिपियों के अनुसार,भगवान महावीर का जन्म चैत्र माह (हिंदू कैलेंडर) के शुक्ल पक्ष की 13 तारीख को बिहार के कुंडलग्राम (अब कुंडलपुर) में हुआ था,जो पटना से कुछ किलोमीटर दूर है। उस समय, वैशाली को राज्य की राजधानी माना जाता था। श्वेतांबर जैन के अनुसार, महावीर का जन्म 599 ईसा पूर्व में हुआ था,जबकि दिगंबर जैन 615 ईसा पूर्व को उनका जन्म वर्ष मानते हैं। उनके माता-पिता - राजा सिद्धार्थ और रानी त्रिशला ने उनका नाम वर्धमान रखा था।श्वेतांबर समुदाय की मान्यताओं के अनुसार,महावीर की माँ ने 14 स्वप्न देखे थे, जिनकी व्याख्या बाद में ज्योतिषियों ने की,जिनमें से सभी ने कहा कि महावीर या तो सम्राट बनेंगे या ऋषि (तीर्थंकर) ।जब महावीर 30 वर्ष के हुए,तो उन्होंने सत्य की खोज में अपना सिंहासन और परिवार छोड़ दिया। वे 12 वर्षों तक एक तपस्वी के रूप में निर्वासन में रहे। इस दौरान, उन्होंने अहिंसा का प्रचार किया और सभी के साथ सम्मान से पेश आए। इंद्रियों को नियंत्रित करने में असाधारण कौशल दिखाने के कारण उन्हें ॥महावीर॥ नाम मिला। यह व्यापक रूप से माना जाता है।कि जब महावीर 72 वर्ष के थे,तब उन्हें ज्ञान (निर्वाण) प्राप्त हुआ था। महावीर ने भेदविज्ञान के अभ्यास के माध्यम से सम्यक दर्शन या आत्म-साक्षात्कार ( आत्म-अनुभूति )की शिक्षा दी , जिसमें स्वयं को शरीर,मन और भावनाओं से अलग एक शुद्ध आत्मा के रूप में स्थापित करना और आत्मा के वास्तविक स्वरूप के बारे में जागरूक होना और विभिन्न शुभ या अशुभ बाह्य परिस्थितियों के दौरान आत्मा के अपरिवर्तनीय सार में स्थिर और स्थिर रहना शामिल है।उन्होंने यह भी उपदेश दिया कि आध्यात्मिक मुक्ति के लिए अहिंसा ,सत्य ,अस्तेय, ब्रह्मचर्य और अपरिग्रह के व्रतों का पालन आवश्यक है। उन्होंने अनेकांतवाद (कई-पक्षीय वास्तविकता) के सिद्धांत सिखाए = स्याद्वाद और नयावादमहावीर की शिक्षाओं को इंद्रभूति गौतम (उनके प्रमुख शिष्य) ने जैन आगम के रूप में संकलित किया था।ऐसा माना जाता है कि जैन भिक्षुओं द्वारा मौखिक रूप से प्रसारित ये ग्रंथ लगभग पहली शताब्दी ई. तक काफी हद तक लुप्त हो गए थे। महावीर को आमतौर पर बैठे या खड़े ध्यान मुद्रा में दर्शाया जाता है,जिसके नीचे एक शेर का प्रतीक होता है।उनकी सबसे पुरानी प्रतिमा उत्तर भारतीय शहर मथुरा के पुरातात्विक स्थलों से मिली है , और इसे पहली शताब्दी ईसा पूर्व और दूसरी शताब्दी ई.पू. के बीच का माना जाता है। उनके जन्म को महावीर जन्म कल्याणक के रूप में मनाया जाता है।जबकि उनके निर्वाण (मुक्ति) और गौतम स्वामी द्वारा केवला ज्ञान (सर्वज्ञता) की प्राप्ति को जैन लोग दिवाली के रूप में मनाते हैं।

**पांच प्रतिज्ञाएं**- जैन आगमों में पाँच व्रत (प्रतिज्ञा) बताई गई हैं। जिनका पालन तपस्वियों और गृहस्थों को करना चाहिए। इन नैतिक सिद्धांतों का उपदेश महावीर ने दिया था। (1)अहिंसा=-महावीर ने सिखाया कि प्रत्येक जीवित प्राणी में पवित्रता और गरिमा होती है जिसका सम्मान किया जाना चाहिए क्योंकि व्यक्ति अपनी पवित्रता और गरिमा का सम्मान करने की अपेक्षा करता है।अहिंसा ,जैन धर्म का पहला और सबसे महत्वपूर्ण व्रत है,जो कर्म,वाणी और विचार पर लागू होता है। (2)सत्य =-स्वयं पर और दूसरों पर लागू होता है। (3)अस्तेय (चोरी न करना)=- जो कुछ दिया न गया हो उसे न लेना

(4)ब्रह्मचर्य (शुद्धता)=-भिक्षुओं के लिये कामुक सुखों से संयम, और गृहस्थों के लिए अपने साथी के प्रति वफादारी होना चाहिए। (5)अपरिग्रह (अनासक्ति)= आम लोगों के लिए,संपत्ति या सांसारिक संपत्ति के प्रति अनासक्ति का रवैया भिक्षुकों के लिए,किसी भी चीज़ का स्वामित्व न रखना। इन सिद्धांतों का लक्ष्य आध्यात्मिक शांति,बेहतर पुनर्जन्म या (अंततः) मुक्ति प्राप्त करना है। चक्रवर्ती के अनुसार,ये शिक्षाएँ व्यक्ति के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में मदद करती हैं। पॉल डंडास लिखते हैं कि महावीर के अहिंसा और संयम पर ज़ोर की व्याख्या कुछ जैन विद्वानों ने अन्य प्राणियों को देने या करुणा करने के गुण से प्रेरित नहीं, न ही सभी प्राणियों को बचाने के कर्तव्य के रूप में की है, बल्कि निरंतर आत्म अनुशासन द्वारा की है= आत्मा की सफाई जो आध्यात्मिक विकास और मुक्ति की ओर ले जाती है।

**विश्वशॉति की पक्षधर हैं भगवान महावीर स्वामी की शिक्षाएँ**- भगवान महावीर के उपदेश आज भी अत्यंत समीचीन और प्रासंगिक हैं। उन्होंने अपने जीवन काल में बहुत सी सामाजिक कुरीतियों की समाप्ति और समाज सुधार के लिए सम्यकदर्शन, सम्यकज्ञान और सम्यक् आचरण के सिद्धांतों का प्रयोग किया। उन्होंने स्त्री-दासता, महिलओं के समान दर्जे और सामाजिक समता जैसे विषयों पर सामाजिक प्रगति की शुरूआत की। भगवान महावीर की शिक्षाओं में पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों का ह्रास, युद्ध और आतंकवाद के जरिए हिंसा,धार्मिक असहिष्णुता तथा गरीबों के आर्थिक शोषण जैसी सम-सामयिक समस्याओं के समाधान पाए जा सकते हैं। भगवान महावीर ने 'अहिंसा परमो धर्मः' का शंखनाद कर 'आत्मवत् सर्व भूतेषु' की भावना को देश और दुनिया में जाग्रत किया। 'जियो और जीने दो' अर्थात् सह-अस्तित्व, अहिंसा एवं अनेकांत का नारा देने वाले महावीर स्वामी के सिद्धांत विश्व की अशांति दूर कर शांति कायम करने में समर्थ है। आज विश्व के सामने उत्पन्न हो रहीं सुनामी, ज्वालामुखी जैसी प्राकृतिक आपदाएं, हिंसा का सर्वत्र होने वाला ताडंव, आतंकवाद, भ्रष्टाचार, अनैतिकता, वैमनस्य, युद्ध की स्थितियां, प्रकृति का शोषण आदि समस्याएं विकराल रूप ले रही हैं। ऐसी स्थिति में कोई समाधान हो सकता है तो वह महावीर स्वामी का अहिंसा, अपरिग्रह और समत्व का चिंतन है। भगवान महावीर के तीन सिद्धांत अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह बहुत सी आधुनिक समस्याओं का समाधान प्रस्तुत कर सकते हैं। भगवान महावीर ने अहिंसा की जितनी सूक्ष्म व्याख्या की है, वैसी अन्यत्र दुर्लभ है। उन्होंने मानव को मानव के प्रति ही प्रेम और मित्रता से रहने का संदेश नहीं दिया अपितु मिट्टी, पानी, अग्नि, वायु, वनस्पति से लेकर कीड़े-मकोड़े, पशु-पक्षी आदि के प्रति भी मित्रता और अहिंसक विचार के साथ रहने का उपदेश दिया है। उनकी इस शिक्षा में पर्यावरण के साथ बने रहने की सीख भी है। भगवान महावीर के विचार किसी एक वर्ग, जाति या सम्प्रदाय के लिए नहीं, बल्कि प्राणीमात्र के लिए हैं। भगवान महावीर की वाणी को गहराई से समझने का प्रयास करें तो इस युग का प्रत्येक प्राणी सुख एवं शांति से जी सकता है। भगवान महावीर स्वामी अन्तस चेतना के संवाहक एवं अहिंसक धर्म के परम उद्घोषक थे। उन्होंने अपने जीवन में मानव धर्म के निमित्त अनेक सत्यों एवं तथ्यों को उद्घाटित किया। उन्होंने प्राणीमात्र को जो कुछ भी दिव्य संदेश दिए,से सभी आचरणात्मक थे। उनके जीवन की चर्या व चर्चा में आचरण व उच्चारण में कहीं अंतर नहीं था। भगवान महावीर सहज साधक थे। किसी प्रकार के प्रदर्शन या उपचार का उनकी दृष्टि में कोई मूल्य नहीं था। भगवान महावीर जन साधारण के बीच रहे और साधारण रूप में रहे। समता भगवान महावीर की साधना का उद्देश्य था और वही फलश्रुति बन गयी। उन्होंने किसी भी परिस्थिति में अपने समत्व को धूमिल नहीं होने दिया। सत्कार और तिरस्कार के मध्य उनके संतुलन का सेतु प्रकम्पित नहीं हुआ। अनुकूलता और प्रतिकूलता उनके मन को प्रभावित नहीं कर सकी। इतने वर्षों के बाद भी भगवान महावीर का नाम स्मरण उसी श्रद्धा और भक्ति से लिया जाता है, इसका मूल कारण यह है कि भगवान महावीर स्वामी ने इस जगत को न केवल मुक्ति का संदेश दिया,अपितु मुक्ति की सरल और सच्ची राह भी बताई। भगवान महावीर ने आत्मिक और शाश्वत सुख की प्राप्ति हेतु अहिंसा धर्म का उपदेश दिया। भगवान महावीर ने समतामूलक समाज का उपदेश दिया। जहां राग, द्वेष होता है, वहां विषमता पनपती है। इस दृष्टि से सभी समस्याओं का की जड़ है राग और द्वेष। व्यक्ति अपने स्वार्थों का पोषण करने ,अहं को प्रदर्शित करने, दूसरों को नीचा दिखाने,सत्ता और विमषता के गलियारे में भटकता रहता है।भगवान महावीर की शिक्षाएं आर्थिक असमानता को कम करने की आवश्यकता के अनुरूप हैं। उन्होंने बताया कि अभाव और अत्यधिक उपलब्धता दोनों ही हानिकारक हैं।

**इस लेख में विचार लेखक के है समाचार पत्र का इससे कोई सरोकार नहीं -सम्पादक**

## पंचायत समिति परिसर में की जनसुनवाई

# अतिक्रमण ,पानी व बिजली पर फोकस रखे -लोकबंधु

**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)**।जिला कलक्टर लोक बन्धु ने बुधवार को स्थानीय पंचायत समिति परिसर में स्थित वीसी कक्ष में जनसुनवाई करते हुए कहा कि प्रशासन राजकीय उपयोग में आने वाली सिवायचक भूमियो व आम रास्तो से अतिक्रमण हटवाने के साथ पानी व बिजली की माकूल व्यवस्था करें। उन्होंने उपखण्ड अधिकारी सुनील कुमार जिंगोनिया के साथ जनसुनवाई में उपस्थित व्यक्तियों के साथ सहृदयता से वार्तालाप कर समस्याओं को गौर से सुना साथ ही इस दौरान जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं के निस्तारण के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए। उन्होंने




कहा कि समस्त प्रकरणों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करते हुए परिवादियों को संतुष्टि और राहत प्रदान हो ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें ।उन्होंने कहा कि विभागीय अधिकारी संपर्क पोर्टल पर औसत निस्तारण दिवस, राहत प्रतिशत एवं राहत संतुष्टि प्रतिशत में सुधार के लिये गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करें। जनसुनवाई के साथ-साथ संपर्क पोर्टल पर आने वाले सभी प्रकरणों में संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए परिवादी को राहत पहुंचाई जाये। इस दौरान जनसुनवाई में परिवादियों द्वारा किसान सम्मान निधि की केवाईसी, आम रास्ते को अतिक्रमण मुक्त कराने, जनाधार में नाम संशोधन में तकनीकी समस्या हटाने, पीएम आवास योजना की राशि का भुगतान करवाने , सामाजिक पेंशन सत्यापन ,भिनाय में सेवकों के मोहल्ले में पेयजल की समस्या, जलापूर्ति निश्चित समय पर करवाने , पानी के प्रेशर की समस्या, भिनाय बस स्टैंड पर बीच सड़क पर लगे विद्युत पोल को अन्य स्थान पर लगाने , भिनाय से बांदनवाड़ा सड़क के क्षतिग्रस्त होने , छछूंदरा राजकीय विद्यालय के ऊपर से गुजर रही 11 केवी विद्युत लाइन को हटाने , बिजली के ढीले झूलते तारों को दुरुस्त करने, नियमित विद्युत आपूर्ति सहित अन्य परिवाद प्राप्त हुए।

जिला कलक्टर लोक बंधु ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को पानी के प्रेशर की समस्या के समाधान के लिए क्षेत्र में बूस्टर एवं अवैध कनेक्शन की जांच करने एवं अवैध पाए जाने पर कार्रवाई करने को निर्देशित किया। पानी के टैंकर से सप्लाई किए जाने पर सप्लाई व्यवस्था पर निगरानी रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने एवीवीएनएल के अधिकारियों को नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, कृषि कनेक्शन प्राथमिकता से देने एवं जीएसएस की मेंटिनेंस करने के निर्देश दिए ।

आगामी गर्मी के मौसम को देखते हुए दुर्घटना संभावित लटकते झूलते तारो की मरम्मत करने एवं दुर्घटना संभावित विद्युत संचरण लाइन का स्थानांतरण करने को भी निर्देशित किया। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत एवं पेच वर्क करने तथा आवश्यकतानुसार नवनिर्माण के प्रस्ताव बनाने को निर्देशित किया ।

साथ ही दुर्घटना संभावित क्षेत्रों पर बोर्ड लगाने , झाड़ियों की छटाई करने एवं अन्य सुरक्षा प्रावधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## इलाज के दौरान कृषि उपज मंडी हम्माल की हुई मौत,हम्मालों ने की मुवावजे की मांग



**छीपाबड़ौद (हुक्मनामा समाचार)**। कृषि उपज मंडी छीपाबड़ौद में काम करने वाले हम्माल रामगोपाल पुत्र छोटू लाल जाती ऐरवाल निवासी दीगोद खालसा की कोटा में इलाज के दौरान मौत हो गई। भारतीय मजदूर संघ ने बताया कि दिनांक 02-04-2025 को मृतक हम्माल रामगोपाल हंस फर्म पर काम करते समय ट्रक के ऊपर बोरी बांधते वक्त पैर फिसलने के कारण नीचे गिर गया जिससे उसके सिर में चोट आई जिसे तुरंत राजकीय चिकित्सालय छीपाबड़ौद में भर्ती करवाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद कोटा रेफर कर दिया गया जिसकी कोटा में इलाज के दौरान बुधवार को मौत हो गई। हंस फर्म व मंडी सचिव से हम्माल को उचित सहायता देने की मांग की व तोल कार्य बहिष्कार करने की चेतावनी दी। वहीं मृतक हम्माल के परिजनों व व्यापारी हंस फर्म के बीच परिवार के भरण पोषण के लिए 3 लाख,25 हजार की नगद राशि देकर आपसी समझौता हुआ।

## धरियावद राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा के अध्यक्ष भाटी के नेतृव में दिया ज्ञापन

**धरियावद (हुक्मनामा समाचार)**। राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा धरियावद के अध्यक्ष नारायण सिंह भाटी के नेतृव में पेन्सनर समाज से सभी एक साथ इक्त्रि खेड़ापति हनुमान जी मंदिर के पास इक्त्रित होकर पेंशनर समाज के बेनल तले एक साथ पैदल चल कर उप खण्ड कार्यालय पहुचे जहा उप खण्ड अधिकारी राकेश कुमार न्यौल के मार्फत माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी एव निर्मला सीतारमण वित् मंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया ज्ञापन में पेंशनर्स के हितो पर कुठाराघात से सम्बंधित सी सी ए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने के सम्बन्ध में दिया गया ज्ञापन में भारत सरकार ने संसद की मंजूरी के लिए वित्त विधेयक




पेश करते समय भारत की संचित निधि पेंशन देनदारी पर वह के लिए केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियमों और सिद्धांतों की मान्यता के लिए एक अध्याय शामिल किया है इसके माध्यम से सरकार को पेंशन भोगियों के बीच अंतर स्थापित करने का अधिकार मिल गया है जो केंद्रीय वेतन आयोग की स्वीकृति सिफारिश पर लागू हो सकता है और विशेष रूप से पेंशन भोगी की सेवानिवृत्ति की तारीख या केंद्रीय वेतन आयोग की सिक्योरिटी सिफारिश के संचालन की तारीख के आधार पर अंतर किया जा सकता है उक्त विधेयक के माध्यम से केंद्र सरकार ने पेन्सर्स को 8 वे वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने व पेंशनरों को पीछे के आधार पर वर्गों में बात कर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन किया है साथ ही डी एस नकारा मामले में दिनांक 17 .12.1982के सर्वोच्य न्यायालय की सविधान पीठ के ऐतिहासिक निर्णय चुनोती दी है राजस्थान पेंशन समाज भारत देश में वर्ष 1972 से सम्मान अधिकारों के साथ नियमित रूप से पेंशन प्राप्त करने वाले देश के करोड़ों पेंशनरों के हित पर कुठाराघात करने वाले इस वित् विधेयक का पुरजोर विरोध करता है क्योकि 7 वी सी सी पी जिसे 1जनवरी 2016 से पहले और 1 मई16के बाद सेवानिर्वत पेंशनभोगियों के बिच समानता बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा स्वीकार किया गया था यहां विधायक इस प्रकार की समानता को खत्म कर देता है इसके अलावा जब से आठवीं सीपीसी की घोषणा की गई है ।

## धरियावद विधानसभा क्षेत्र में 18 नवीन ग्राम पंचायतों एवं मुंगाना पंचायत समिति का गठन - विधायक थावरचंद डामोर के प्रयास लाए रंग

**धरियावद, (हुक्मनामा समाचार)**। धरियावद विधानसभा क्षेत्र में ग्राम पंचायतों के पुनर्गठन एवं नवगठित पंचायत समिति मुंगाना के गठन को लेकर क्षेत्र में खुशी की लहर है। विधायक थावरचंद डामोर के निरंतर प्रयासों के फलस्वरूप धरियावद, लसाड़िया, झल्लारा एवं नवसृजित पंचायत समिति मुंगाना में कुल 18 नवीन ग्राम पंचायतों का गठन किया गया है। विधायक डामोर ने बताया कि ग्राम पंचायतों एवं पंचायत समिति के गठन की मांग को लेकर ग्रामीणजन द्वारा क्षेत्रीय भ्रमण, कार्यक्रमों व निवास पर ज्ञापन दिए गए थे। इन मांगों को गंभीरता से लेते हुए विधायक ने विधानसभा में भी मुंगाना को पंचायत समिति बनाने एवं उपतहसील को तहसील में क्रमोन्नत करने की आवाज उठाई थी।विधायक ने सभी वश्यक प्रस्ताव तैयार करवाकर जिला कलेक्टर को अग्रिम कार्यवाही हेतु



प्रेषित किए तथा कई मांगों पर जनसुनवाई के दौरान ही अधिकारियों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी ग्राम पंचायतों का गठन पात्रता एवं बिना आपत्ति के आधार पर किया गया है। इस प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता रखी गई है और किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं किया गया है।

**गठित ग्राम पंचायतों की सूची इस प्रकार है**

**ल्लारा पंचायत समिति अंतर्गत** 1. बड़ा तालाब 2. बोरी जागीर 3. हड़मतिया खुर्द4. धावड़ा 5. बरौलिया6. गामड़ी 7. पाया तालाब8. भानौर

**लसाड़िया पंचायत समिति अंतर्गत** 1. सड़ामानपुर 2. पावटी 2. 3. बोर का पानी4. सरेड़ी

धरियावद पंचायत समिति अंतर्गत 1. पाटला बावड़ी2. मांडकलां 3. दास का गुड़ा

**नवसृजित पंचायत समिति मुंगाना अंतर्गत**

1. जगलावदा 2. सेवानगर

3. बावड़ी खेड़ा विधायक ने यह भी कहा कि कुछ नवसृजित ग्राम पंचायतों, जैसे सड़ामानपुर एवं सरेड़ी के संबंध में आपत्तियां प्राप्त हुई हैं, जिनका निस्तारण सकारात्मकता एवं पारदर्शिता के साथ कराया जाएगा। क्षेत्रीय जनता, सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों द्वारा इस विकासात्मक निर्णय पर विधायक डामोर को बधाई एवं आभार प्रेषित किया गया है। विधायक ने कहा कि धरियावद विधानसभा मेरा परिवार है, और परिवार के हर सदस्य की चिंता करना मेरा नैतिक कर्तव्य है।

## लोड अधिक होने से कलेक्टर कार्यालय के बाहर लगा विद्युत मीटर केबल जलकर हुई राख

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)**।जिला मुख्यालय के जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर लगी विद्युत विभाग की डीपी की केबल में अचानक लोड अधिक हो जाने की वजह से आग लग गई। आग लगते ही विद्युत विभाग की डीपी की केवल जल गई ।साथ ही केवल में लगा विद्युत विभाग का विद्युत मीटर भी जलकर राख हो गया ।इसी के साथ डीपी के नीचे लगी घास भी पूरी तरह से जलकर राख हो गई ।लोड अधिक हो जाने के कारण यह डीपी की केबल में आग लगी थी ।जिसकी वजह से केवल वह विद्युत मीटर जलकर पूरी तरह से राख हो गया ।मीटर जलने की सूचना पर विद्युत विभाग के कार्मिक मौके पर पहुंचे एवं केवल को सही करते हुए विद्युत आपूर्ति को सुचारू रूप से सही किया गया।

## पूर्व मुख्यमंत्री राजे ने बूथ कार्यकर्ताओं की ली बैठक, समस्याएं सुनी, पूरे क्षेत्र से कार्यकर्ताओ ने पानी की किल्लत से राजे को कराया अवगत



**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)**। पूर्व मुख्यमंत्री व क्षेत्रीय वसुंधरा राजे का भाजपा नगर व ग्रामीण मण्डल के कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान राजे का नगर के मायाखेड़ी चौराहे पर सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा स्वागत किया। वहीं 56 दरवाजा पुलिया पर भाजपा मंडल प्रतिनिधि बालूसिंह व सुरेंद्र सिंह की अगुवाई में राजे का स्वागत किया गया। बूथ अध्यक्ष बहादुर सिंह चौहान ने राजे को अन्नपूर्णा माता मंदिर की तस्वीर भेंट की। इसके बाद ग्रीन वेली पहुंचने पर भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष नारायण सिंह सिसोदिया की अगुवाई में फूलमाला व गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया गया। इसके बाद राजे ने निजी रिसोर्ट में बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक व कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान पार्षद प्रमोद जैन ने नगर पालिका में स्थाई अधिशासी अधिकारी नियुक्त करने व पिड़ावा में जल्द से जल्द सेटेलाइट हॉस्पिटल का कार्य शुरू करवरकर क्षेत्र की जानतो लाभ दिलवाने की मांग की। सेमली चौहान में पिड़ावा-डग मार्ग से मां अन्नपूर्णा मंदिर सेमली चौहान तक दो किलोमीटर लंबी पक्की सड़क बनाने की मांग की।

# समाज से बहिष्कृत करने वालों की गिरफ्तारी की मांग पीडित ने लगाई पुलिस अधीक्षक से गुहार

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)**। जिले के थलां गांव के एक परिवार को समाज से बहिष्कृत कर उनका हुक्का-पानी बंद करने और बहन बेटियों, परिवार व रिश्तेदारों में आने जाने पर पाबंदी लगा 12 लाख रुपये ऐंठने के मामले में आरोपितों की गिरफ्तारी की पीडित ने मांग की है। इस संबंध में बुधवार को पीडित प्यारेलाल कुमावत ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना-पत्र दिया। थलां निवासी प्यारेलाल पुत्र जोधा कुमावत ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना-पत्र में बताया कि शंकर लाल कुमावत व बालुराम कुमावत, भैंरूलाल कुमावत, गोपीलाल पिलोदिया, पन्नालाल सहित 21 लोगों के खिलाफ उसने रायपुर थाने में केस दर्ज करवाया था। परिवादी ने रिपोर्ट में बताया कि वह थलां का रहने वाला है और अहमदाबाद में व्यवसाय करता है। आरोपित शंकर लाल के साथ परिवादी की बहन सुखी का विवाह 30-31 साल पहले हुआ था। उसके तीन संतानें है। 15-20 साल तक शंकर का व्यवहार सुखी के साथ ठीक ठाक था, लेकिन बाद में शंकर लाल कुमावत अन्य महिलाओं से संबंध रखने



लगा। परिवादी की बहन को छोड़ कर दूसरी शादी करने की नियत से उसे आये दिन परेशान कर मारपीट कर घर से निकाल देता। करीव 8-9 माह पूर्व भी परिवादी की बहिन के साथ मारपीट कर उसकी तीनो संतानो सहित घर से बाहर निकाल दिया। आरोपित शंकर लाल को काफी समझाया, लेकिन वह अपनी आदतों से बाज नहीं आया। उसने दो अन्य आरोपितों ने मिलीभगत कर दूसरा विवाह कर लिया। जबकि परिवादी की बहन का आरोपित शंकर से अभी तलाशक नहीं हुआ। नौ जून 23 को परिवादी को समाज की मीटिंग में बुलाया और कहा कि तेरी बहन को उसके पति शंकर के साथ विवाहिता पत्नी बनकर रहना पड़ेगा। यह समाज का फैसला है । परिवादी से कागज पर हस्ताक्षर करने को कहा। आरोपितों ने परिवादी को को डराया धमकाया और कहा कि यह अगर हस्ताक्षर नहीं करेगा तो तूझे व तेरे परिवार को जाति समाज से बहिष्कृत कर रहे हैं । परिवादी का आरोप है कि इन सभी आरोपितों ने 10 जून 2023 को उससे 12 लाख रुपये ऐंठ लिये। 17 अगस्त .2023 को पुन नोटिस जारी कर 20 अगस्त 2023 को मिटिंग में आने का नोटिस भेजा ।इस पर परिवादी ने अब और राशि देने से इनकार कर दिया तो आरोपितों ने परिवादी व उसके परिवार को समाज से बहिष्कृत करने का फरमान सुना दिया। परिवादी व उसके परिवार को समाज से बहिष्कृत कर हुका पानी पनघट बंद कर दिया। बहन बेटियों, परिवार व रिश्तेदारों में आने जाने पर भी रोक लगा दी है ।ये आरोपित, परिवादी के परिवार को जान से मारने की लगातार धमकिया दे रहे हैं, जिससे परिवार काफी डरा एवं सहमा हुआ है । ये आरोपित अवैध राशि की मांग कर रहे हैं। साथ ही जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही है। पुलिस ने अदालत के आदेश से परिवादी की रिपोर्ट पर केस दर्ज कर लिया, लेकिन अब तक आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है। ऐसे में ये आरोपित धमकी दे रहे हैं कि केस उठा ले वरना जान से मार देंगे। परिवादी के पक्ष में जो भी गवाही देता है।

## पेंशनर्स के हितों से सम्बन्धित सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)**। जिला कलेक्टर को पेंशनर्स के हितों से सम्बन्धित सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सोपा है ।जिसमें मांग कर बताया कि भारत सरकार ने संसद की मंजूरी के लिए वित्त विधेयक पेश करते समय भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के लिए केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों और सिद्धांतों की मान्यता के लिए एक अध्याय शामिल किया है। इसके माध्यम से सरकार को पेंशनभोगियों के बीच अंतर स्थापित करने का अधिकार मिल गया है जो केंद्रीय वेतन आयोग की स्वीकृत सिफारिशों पर लागू हो सकता है, और विशेष रूप से पेंशनभोगी की सेवानिवृत्ति की तारीख या केंद्रीय वेतन आयोग की स्वीकृत सिफारिश के संचालन की तारीख के आधार पर अंतर किया जा सकता है। विधेयक के माध्यम से केंद्र सरकार ने पेंशनर्स को 8 वें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने व पेंशनरों को तिथि के आधार पर वर्गों में बॉटकर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन किया है साथ ही डीएस नकारा मामले में 17 दिसम्बर 1982 के सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के ऐतिहासिक निर्णय को चुनौती दी है। राजस्थान पेंशनर समाज इस हिटलरशाही वित्त विधेयक का घोर विरोध करता है, क्योंकि 7 वीं सीपीसी से पहले और बाद सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों के बीच समानता बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा स्वीकार किया गया था, यह विधेयक इस प्रकार की समानता को खत्म कर देता है। इसके अलावा, जब से 8वी सीपीसी की घोषणा की गई है, देश भर के पेंशनभोगी अपने पेंशन संशोधन से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनभोगियों और 8वीं सीपीसी की सिफारिशों की अपेक्षित तिथि के बाद सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनभोगियों के बीच समानता बनाए रखने के बारे में चिंतित है। वर्तमान निर्णय पेंशनभोगियों पर एक बड़ा झटका है और इसलिए सरकार को इस पर पुनर्विचार करने और इसे वापस लेने की आवश्यकता है ।राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राजस्थान पेंशनर समाज की हमारी उप शाखा केंद्र सरकार के इस निर्णय का घोर विरोध करते हुए

जनता जल योजनाओं पर कार्यरत कार्मिको की प्रमुख मांगों के संम्बध में सोपा ज्ञापन

## राजस्थान जनता जल योजना कर्मचारी सपं द्वारा आयोजित ध्यानाकर्षण रैली 16 को



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)**। राजस्थान जनता जल कर्मचारी संघ के द्वारा एक ज्ञापन जिला कलेक्टर को अपनी मांगों को लेकर सोपा है। 6 सूत्री मांगों को लेकर यह ज्ञापन सोपा गया है।

जिसमें मांग बताई गई ।जनता जल योजनाओं पर कार्यरत पंप चालको को विभाग में रिक्त स्थाई पदो पर समायोजित करते हुए नियमित वेतनमान दिया जाने कि घोषणा की जावें ।विभाग में वर्तमान में लगभग 85 प्रतिशत पद रिक्त है। क्योकि पिछले 30 वर्षों से तकनीकी कर्मचारीयों के पदो पर भर्ती नहीं हो पाई है। न्यायालय द्वारा भी स्पष्ट निर्देश है कि जनता जल योजना पर कार्यरत पंप चालको को भर्ती में शामिल करते हुए एवं वरीयता देते हुए। स्थाई नियुक्ति दि जा सकती है, इसी संबन्ध में संघ मांग करता है कि योजनाओं पर कार्यरत पंप चालको को उम्र में छूट, सन्तान सम्बंधी नियमों में छूट देते हुए एवं कार्य अनुभव योग्यता के आधार पर प्राथमिकता देते हुए।

**शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान**

## 50 लीटर मैंगो फ्रेश जूस सीज चिकित्सा विभाग की झालरापाटन शहर में बडी कार्यवाही

**झालावाड़ (हुक्मनामा समाचार)**।शुद्ध आहार मिलकर पर वार अभियान के तहत गर्मी के मौसम को देखते हुए पेय पदार्थ की मांग बढ़ने के कारण जांच के दौरान मिलावट का संदेह होने पर 550 लीटर मैंगो फ्रेश जूस माझी ब्रांड नमूना लेकर सीज किया गया है ।अभिहित अधिकारी खाद्य सुरक्षा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान



ने बताया की गर्मी के मौसम को देखते हुए पेय पदार्थ की मांग बढ़ने के कारण खाद्य सुरक्षा दल द्वारा झालरापाटन में निरीक्षण के दौरान मैसेज लक्ष्या एंटरप्राइजेज सुभाष नगर से मैंगो फ्रेश जूस माझी ब्रांड का खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नमूना लेकर शेष बचे हुए 550 लीटर को सीज कर खाद कारोबारकर्ता की सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया है ।खाद्य सुरक्षा अधिकारी जीएस गुर्जर द्वारा निरीक्षण के दौरान 500 एमएल एवं 200 एमएल की मूल पैक पेट बॉटल रखी हुई पाई गई जो जे बी प्रोडक्ट कोटा के नाम से निर्मित है। जिस पर खाद अनुज्ञा पत्र संख्या अंकित नहीं है एवं निर्माता का पूर्ण पता भी अंकित नहीं है। जिसमें मिलावट का संदेह होने पर नमूना लेकर खाद्य कारोबार करता की सुरक्षित अभी रक्षा में रखा गया है। जिसकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी। सीज किये गये जूस को खाद्य पदार्थ को निर्माता विक्रय नहीं कर सकेगा। साथ ही टीम द्वारा संपर्क पोर्टल शिकायत पर प्राप्त शिकायत के संदर्भ में मेहता बकरी अकलेरा से एवं महाकाल डेयरी से भैंस के दूध का नमूना जांच हेतु लिया गया है। सभी नमूने खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्रयोगशाला कोटा में जहां सेतु भिजवाए जाएंगे। जिनकी रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. साजिद खान ने बताया कि गर्मी के मौसम को देखते हुए खाद्य सुरक्षा दल द्वारा जूस, लस्सी, आइसक्रीम, ठंडे पेय पदार्थ एवं सड़े गले फलों के विक्रय पर विशेष निगरानी रखी जा रही है।

# गर्मी के मौसम में तापमान में बढ़ोतरी संभव है, इसे गंभीरता से लें आमजनः जिला कलक्टर

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** गर्मी के मौसम में संभावित लू एवं तापधात के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए जयपुर जिले में आपदा प्रबन्धन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा विभाग की समीक्षा बैठक शासन सचिवालय, जयपुर में सम्पन्न हुई। आयोजित वीसी में जिला मुख्यालय से जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू, अतिरिक्त जिला कलक्टर ओपी मेहरा, सीएमएचओ डॉ सी.पी. गोस्वामी, शिक्षा अधिकारी रामेश्वर लाल, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र के.के. मीना, एपीआरओ इशांत काबरा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में जिले के उच्च तापमान वाले चिन्हित क्षेत्रों जैसे रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, भीड़भाड़ वाले चौराहों आदि में बनाए गए कूलिंग सेंटर्स की तैयारियों की समीक्षा की गई। पिछली बार चिन्हित किए गए प्रमुख स्थानों की तर्ज पर इस वर्ष भी कूलर, पेयजल व अन्य शीतल सुविधाओं से युक्त शेल्टर केन्द्रों की स्थापना के निर्देश दिए गए।



वीसी के उपरांत जिला कलक्टर जसमीत सिंह संधू ने तापमान बढने से लू-तापघात के रोगियों के बढ़ने की संभावनाओ को देखते हुये प्रभावी नियंत्रण एवं प्रबंधन कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने हीट वेव को गंभीरता से लेने और इस हेतु सभी विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के लिए निर्देशित किया। है । सभी सार्वजनिक स्थानों और राजकीय कार्यालयों में छाया और पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को निर्देशित किया गया है। सीएमएचओ डॉ सी.पी. गोस्वामी ने बताया कि ग्रीष्म लहर से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों में सामान्यतः पानी की कमी, गर्मी से होने वाली ऐंठन तथा थकावट और लू लगना आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया की लक्षण दिखने या दस्त होने पर सावधानी बरतें, लू लगने पर ओआरएस घोल पीयें और शिशु को ओ.आर.एस. घोल निर्धारित अंतराल में पिलाते रहें, दस्त रोकथाम के लिए जिंक दवा एवं ओ.आर.एस. पैकेट सभी राजकीय स्वास्थ्य केन्द्रों/आंगनबाड़ी केन्द्रों पर निःशुल्क उपलब्ध हैं। क्या है लू के लक्षण और बचने के उपाय सीएमएचओ डॉ गोस्वामी ने बताया की लू-तापघात रोग के लक्षणः- सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना एवं बेहोशी आना कमजोरी महसूस होना शरीर में ऐंठन, नब्ज असामान्य होना है। अधिक गर्मी से होने वाली ऐंठन (हीट क्रेंप्स) भी होते है जिसमें कम ताप के हल्के बुखार के साथ सूज़न और बेहोशी, गर्मी से होने वाली थकान (हीट एग्जॉस्शन) जिसमें थकान, कमज़ोरी, चक्कर, सिरदर्द, मितली, उल्टियाँ, मांसपेशियों में खिचाव और पसीना आने से लोग प्रभावित हो सकते है। लू लगना या हीट स्ट्रोक- यह एक संभावित प्राणघातक स्थिति है। इससे बचने के लिए घर से बाहर निकलने के पहले पानी अवश्य पिएं, सूती ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहने, धूप में निकलते समय सिर पर टोपी, कपड़ा या छाते का उपयोग करें छाछ, ओ.आर.एस. का घोल या घर में बने पेय पदार्थ जैसे लस्सी, नींबू पानी, कैरी की छाछ आदि का सेवन करें, भरपेट ताजा भोजन करके ही घर से निकलें। उन्होंने बताया की गर्मी में तरल पदार्थ ज्यादा लेते रहें जैसे की नींबू पानी, नारियल पानी, नमक का पानी जिससे व्यक्ति शरीर में पानी की कमी न हो और डिहाइड्रेशन का शिकार ना हो। उन्होंने यह भी बताया की इस हेतु कार्बोनेटेड कोल्ड ड्रिंक का उपयोग न करें, वह शरीर के तापमान को बढ़ा देती है। उन्होंने यह भी कहा की ओआरएस हमेशा साथ रखें और हीट स्ट्रोक या लू लगने के लक्षण दिखने पर उसका सेवन करें और तुरंत अस्पताल में जाकर जांच करवाएं। लू लगने या तापघात होने पर यह करें सीएमएचओ ने बताया की इसके लिए सबसे पहले डॉक्टर की सलाह लें, धुप में न जाएँ ठंडी जगह ही रहे, बॉडी में गीला तौलिया लपेटें, ज्यादा से ज्यादा पानी, जूस, छाछ या लस्सी पीयें। लू के लक्षण दिखने पर बीमार व्यक्ति को गर्मी से दूर ठंडी जगह रखा जाए, उससे ढीले और हलके कपडे पहनाये जाए, त्वचा पर ठन्डे और गीले कपड़े का इस्तेमाल करें, लगातार थोड़ा थोड़ा ठंडा पानी पीते रहे, पीड़ित के पानी न पीने, उल्टियां करने और बेहोश होने पर चिकित्सकिय मदद ले। बच्चे को गर्मी-लू लगने पर उसकी हरकतों को पहचानना है जरूरी सीएमएचओ ने बताया कि यदि बच्चे की शारीरिक गतिविधियां दैनिक से असामान्य हों यानी बच्चा सुस्त हो रहा हो, बच्चे में चिड़चिड़ापन हो, त्वचा सामान्य से अधिक रूखी सख्त हो रही हो, बच्चा स्तनपान/दूध पीने से मना करे, पेशाब नहीं या कम मात्रा में कर रहा हो, ऐसे कोई भी लक्षण प्रतीत हों तो शिशु के लिए उपचार-सावधानी की जरूरत होती है। ऐसे में उचित देखभाल करें और नजदीकी चिकित्सक से जांच कराएं। बच्चों में हाइड्रेशन यानी शरीर में पानी की पूर्ति जरूरी है, गर्मियों में शरीर से पसीना निकलने की वजह से शरीर को तरल पदार्थों की जरूरत ज्यादा पड़ती है इसके लिए शिशु को ढीले कपड़े पहनाएं, ताजा आहार खिलाएं, घमौरियों से बचाव करें और शिशु को छांवदार स्थान पर रखें।

## एक नजर

### साढ़े चार साल मे भ्रष्टाचार को लेकर चैयरमेन देवीलाल सैनी वाइस चैयरमेन रमेश मीणा का निलंबन

**रामगंजमंडी (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस बोर्ड ने जनरल की सीट पर ओबीसी के सब्जी के आढतीये नौसीखिया चैयरमेन देवीलाल सैनी को मनोनीत किया था एवं कई बार पार्षद रह चुके वर्तमान वाइस चैयरमेन रमेश गुड्डू मीणा को स्वायत शासन विभाग ने फर्जी पट्टे एव कॉलोनीनाइजरो को फायदा पहुंचाते हुए अतिक्रमण करवाते हुए सरकारी भूमियों पर कब्जा करवाने को लेकर निलंबित कर दिया है। लोगो ने कहा कि यह रामगंजमंडी के इतिहास मे पहली बार हुआ है कि ऐसा नकारा बोर्ड जो जनता का नही हुआ वो पार्टी का क्या होगा ? इन्हे बनाने वाले भी रामगंजमंडी के दिग्गज महारथी है। जनता जनार्दन मे चेयरमैन देवीलाल ओर वाइस चैयरमेन गुड्डू को लेकर चर्चा का विषय बजारों मे बन रहा है कि साढ़े चार साल जनता को अपने लीगल काम के लिए भी तरसना पड़ा है। इनके कार्यकाल मे अतिक्रमणकारियो पर बिल्कुल कार्यवाही शुब्ध रही ओर हौसले बढ़ाये गए। जनता ने सरकार व स्वायत शासन विभाग की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्य विभाग का सबसे बेहतरीन कार्य रहा है जिससे आमजन को राहत मिलने की इच्छा आमजन मे प्रबल हो रही है। लोग कहते है कि 40 वार्डों की जनता विकास के नाम पर तरस रही है। लोगो ने कहा कि यह नगरपालिका का पहला चैयरमेन देवीलाल है जिस पर पूर्व मे मिस फायर भी हो चुके है। जहा यह बाल बाल बचकर गाड़ी दौड़ाकर भाग गए थे। लोगो मे चर्चा हो रही है कि पहले चैयरमेन पर गोली चल चुकी है अब निलंबित की कार्यवाही जनता मे चर्चा का विषय बन चुकी है। इधर विभाग ने आगामी आदेशो तक नगरपालिका चैयरमेन की कमान चरखे - चरखे सेव नमकीन बेचने वाले इंदौर नमकीन के अखलेश मेड़तवाल के हाथो मे सौंप दी है। वैसे तो चैयरमेन अखलेश मेड़तवाल व्यापारीयो मे बेहतर कार्य को लेकर आज भी कोटा स्टोन एसोसिएशन मे व्यापारियों की मांग उठाने मे आगे रहते है। उधर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ओर मंत्री मदन दिलावर का वृद्धस्त इन्हे प्राप्त होने की चर्चा बाजारों मे होती रहती है।

# ईको वैन की टक्कर से ई-रिक्शा सवार की मौत, घर से पॉलिटेक्निक कॉलेज जाते समय हुआ हादसा

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** भीम गंज थाना क्षेत्र के तिलक नगर स्थित सिद्धि विनायक रोड पर बुधवार को तेज रफ्तार ईको वैन ने एक ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्राचार्य के सिर में गंभीर चोट आई, वहीं साथ में मौजूद एक अन्य शिक्षक भी घायल हो गया। घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने दोनों को प्राइवेट गाड़ी से महात्मा गांधी जिला हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां ड्यूटी डॉक्टर ने प्राचार्य को मृत घोषित कर दिया। वैन की टक्कर से ई रिक्शा पलटा, नीचे दबी प्रिंसिपल थाना प्रभारी गजेंद्र सिंह ने बताया- आज सुबह करीब 10-30 बजे एक तेज रफ्तार एक इको वैन ने ई रिक्शा को टक्कर मार दी। हादसे में ई रिक्शा में सवार मूलतः अजमेर और हाल भीलवाड़ा के तिलक नगर निवासी पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्रिंसिपल शालू (45) पुत्री आरजी गोयल और एक शिक्षक



अशोक पालीवाल घायल हो गए। पुलिस के अनुसार, टक्कर के बाद ई- रिक्शा पलटी खा गया, जिसके नीचे प्राचार्य दब गई और उनके सिर में गंभीर चोट आई। जबकि अन्य शिक्षक दूर जाकर गिरने से घायल हुए। दोनों को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंपा शव हॉस्पिटल में प्राचार्य शालू गोयल को ड्यूटी डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अशोक पालीवाल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पुलिस ने मृतका के परिजनों को सूचना दी। उनके आने के बाद मृतका के शव का पोस्टमॉर्टम किया। हादसे में ईको वैन को जब्त कर लिया। जबकि ड्राइवर फरार हो गया। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि महिला के पति विशाल वास्तव अजमेर में व्यापारी है और परिवार में एक बेटा और बेटी है। वे दोपहर को हॉस्पिटल पहुंचे और कागजी कार्रवाई करने के बाद बॉडी को अपने साथ लेकर अजमेर स्थित पैतृक घर के लिए रवाना हो गए। पुलिस के मुताबिक, महिला प्रिंसिपल तिलक नगर में किराए के घर में रहती थी और उनके घर से महज एक किलोमीटर दूरी पर ही पॉलिटेक्निक कॉलेज था। इस बीच सुबह ई रिक्शा से कॉलेज जाते समय सिद्धि विनायक रोड पर हादसे में उनकी जान चली गई।

प्रिंसिपल की मौत की सूचना के बाद मॉर्च्यूरी पर कॉलेज के स्टूडेंट्स और टीचर्स की भीड़ लग गई।

# आईपीएल मैच में सट्टा लगाते 5 गिरफ्तारः 2 कार और लैपटॉप-मोबाइल सहित 75 हजार की नगदी जब्त

**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** सदर थाना पुलिस ने आईपीएल मैच में सट्टा लगाते हुए पांच युवकों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मखबिर की सचना पर एक फार्म हाउस में आईपीएल मैच के दौरान ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए छात्रनेता सहित पांच युवकों को गिरफ्तार कर इनके पास से दो कार, एक लैपटॉप, मोबाइल और कैश बरामद किया है डिप्टी श्यामसुंदर बिश्नोई ने बताया कि सदर थाना प्रभारी कैलाश विश्नोई को मुखबिर से सूचना मिली कि पुराना भीलवाड़ा के भदादा मोहल्ले में रहने वाले रिजुल राठी के दांथल स्थित फार्म हाउस में आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा लगाया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दबिश दी जहां फार्म हाउस में पांच युवक आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाते हुए पाए गए। पुलिस ने इनके पास से एक फॉरच्यूनर, एक किया कार, एक लैपटॉप, 6 मोबाइल, ताश के पत्ते और 78500 कैश जब्त किया है। पुलिस ने गैंबलिंग और आईटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पांचों को गिरफ्तार किया और इनसे डिटेल पूछताछ की जा रही है। इनको किया गिरफ्तार पुलिस ने आईपीएल मैच पर ऑनलाइन सट्टेबाजी करते हुए राधेश्याम पिता देवीलाल चौधरी निवासी




जूनावास भीलवाड़ा, रिजूल पिता घीसु राठी निवासी भदादा मोहल्ला भीलवाड़ा, राधेश्याम पिता रामचंद्र बैरवा निवासी दांथल भीलवाड़ा, राहुल पिता जगदीश सुथार निवासी सांगानेरी गेट भीलवाड़ा और कैलाश पिता गिरधारी चौधरी ( छात्रनेता) निवासी जूनावास भीलवाड़ा को गिरफ्तार किया है। टीम में थे ये शामिल आरोपियों को पकड़ने गई टीम में सदर थाना प्रभारी कैलाश कुमार विश्नोई, हेड कॉन्स्टेबल जगदीश चंद्र, करणवीर, कॉन्स्टेबल जय सिंह, रोहिताश, कमल, किशोर, हेमराज, अखाराम, अमरपाल, महादेव जितेंद्र और हनुमान राम शामिल रहे।

## संत के आगमन पर सम्मान में उमड़े लोग, निःशुल्क रोग निवारण शिविर आज से होगा शुरू



**नाहरगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** उज्जैन के महान संत रावल बाबा के बुधवार शाम को कस्बे में प्रथम आगमन पर कस्बेवासियों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया इस अवसर पर मुख्य चौराहा स्थित हनुमान मंडी परिसर में लोगों ने उनका माल्यार्पण किया। उसके बाद डीजे बाजे के साथ मुख्य चौराहा हनुमान मंडी से गुना मार्ग होते हुए कबीर आश्रम ग्रीन पार्क पहुंचे। इस दौरान लोगों ने उनका पुष्प वर्षा की जगह-जगह माल्यार्पण किया गया तथा आतिशबाजी की गई तथा खुली जीप में संत रावल बाबा ने लोगों का सम्मान स्वीकार किया। इस दौरान थानाधिकारी धर्मपाल यादव भी पुलिस जाप्ते के साथ उपस्थित रहे। उज्जैन के संत रावल बाबा आयुर्वेदिक जड़ी बूटियों से कई तरह की बीमारियां ठीक करते हैं। इससे एक दिन पहले कस्बेवासियों ने 15 दिवसीय विशाल रोग निवारण शिविर को लेकर कबीर आश्रम ग्रीन पार्क में बैठक का आयोजन किया। जिसमें गुरुवार से आयोजित होने वाले रोग निवारण शिविर की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया। शिविर प्रभारी नरेंद्र गोठवाल, रामबाबू नागर ने बताया कि15 दिवसीय शिविर उज्जैन के प्रख्यात वेध संत रावल बाबा द्वारा लकवा, पोलियो, दमा, साइटिका, जोड़ों का दर्द, पेट रोग, ब्लड शुगर, पाइल्स, आंख रोग, चर्म रोग, सफेद दाग, सोरायसिस, मानसिक रोग, महिलाओं पुरुषों के गुप्त रोग, बांझपन का आयुर्वेदिक जड़ी बूटियां के द्वारा इलाज किया जावेगा । शिविर से जुड़े सुरेंद्र गौतम, लक्ष्मीनारायण नागर, मुकेशनारायण नागर, केसरीलाल कुशवाह ने बताया कि15 दिवसीय आयुर्वेदिक कैंप में लकवा ग्रस्त मरीजों के लिए अलग से टेंट लगाया गया है। काढ़ा पिलाने के लिए अलग से व्यवस्था की गई है। व्यवस्था से जुड़े पूर्व सरपंच देवेंद्र सिंघल ने बताया कि इस प्रकार से व्यवस्था की गई है कि बाहर से आने वाले मरीजो को किसी प्रकार की परेशानी नहीं आएगी। बैठक में टेंट माइक रोगियों के ठहरने आदि विषयों को अन्तिम रुप दिया गया। बैठक में पूर्व सरपंच देवेंद्र सिंघल, केशरीलाल कुशवाह, भंवरलाल कुशवाह दिनेश बना पप्पू चक्रधारी दिलीप सिंह राजपूत, ऋषिपाल सिंह बिकावत रामेश्वर गर्ग, राजेंद्र शर्मा, नवल नागर, हितेश नागर, मुकेश नागर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## छात्राओं को साइकिल वितरण करने से छात्राओं में खुशी झलक पडी

**निम्बाहेडा (हुक्मनामा समाचार)।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, कारुण्डा में बुधवार को कक्षा 9 की छात्राओं को साइकिल वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ के साथ साथ अभिभावक गण एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस अवसर पर मेघराज जाट पंचायत समिति सदस्य, उप सरपंच आदि ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आज शहर में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव पर होंगे विशेष कार्यक्रम

**कुचेरा (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में बुधवार को जैन युवा मण्डल की ओर से विश्व नवकार महामंत्र दिवस के अवसर जाप किया गया। सुबह 8 बजे शुरू हुआ यह जाप 9 बजकर 15 मिनट तक चला। कार्यक्रम में विश्व शांति और कल्याण के लिए सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप किया गया। जिसमें शहर के धर्म प्रेमी और जैन समाज के कई लोग उपस्थित रहे। आज होंगे कई कार्यक्रम समाज के महेंद्र भंडारी ने बताया कि महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव गुरुवार बड़े हर्सोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि सुबह सवा 6 बजे प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा



जिसके बाद सुबह सवा 8 बजे प्रभात फेरी निकाली गई। तत्पश्चात सवा 11 बजे जैन स्थानक में दीक्षार्थियों का बहुमान किया गया। दोपहर सवा बारह बजे गौतम प्रसादी के बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। दोपहर 2 बजे से जाप भी किया जायेगा। शाम को जैन छात्रावास में प्रसादी के बाद भक्ति संध्या का कार्यक्रम भी रखा गया है।

## जन्मदिन पर गौ सवामणि का आयोजन

**मौलासर (हुक्मनामा समाचार)।** कृष्ण गौशाला नुवा में कार्तिकेय जी शर्मा व उनकी धर्मपत्नी पूजा शर्मा की ओर से अपने जन्म दिन पर गौ सवामणि का आयोजन किया गया। जिसमें गायों को दलिया बनाकर खिलाया गया। इनके द्वारा गौशाला में



111000(एक लाख ग्यारह हजार रुपए) से एक खेली बनाने की घोषणा की। इस अवसर पर उनकी माताजी सुशीला देवी, ईश्वर सिंह जी राठौड़, परमेश्वर जी काछवाल विनोद जी इनाणिया, ओमप्रकाश जी कुमावत, मीरा कुमावत, मयंक कुमावत का गौ सेवा समिति की ओर से दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। से. नि. एडीएम ईश्वर सिंह जी राठौड़ ने गर्मी के मौसम में पशु पक्षियों के पानी की व्यवस्था करने की अपील की। गौ शाला में पानी के परिंदे लगाकर इसकी शुरुआत की। इस अवसर अंजी नुवा, उदा काका, रूपाराम खोखर. रघुनाथ सिंह झूमर राम रामेश्वर लाल सुखराम खोखर सुखराम शर्मा जगदीश प्रसाद शर्मा सरवन सिंह रमेश शर्मा अशोक मिश्रा सांवरमल आदि गौ भक्त उपस्थित रहे।

## खेत मे गेंहू की फसल काटते समय - हारर्वेस्टर मे लगी आग , समय रहते लोगो ने आग पर पाया काबू

**सीसवाली (हुक्मनामा समाचार)।** सीसवाली क्षेत्र के गांव नवपुरा मे गेंहू की फसल काटते समय हारर्वेस्टर मे आग लग गई ! आग लगने जैसे ही लोगो को पता चला सूझबूझ से तुरंत आग पर काबू पा लिया ! अगर समय रहते आग पर काबू नही पाया जाता तो कई बीधा की फसल जल जाती ओर कई परिवारों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता!

मशीन चालक कौशल ने बताया कि नवपुरा गांव से कुछ दूर खेत मे मशीन से गेंहू कटाई चल रही थी मशीन का टेंक गेंहू से भर गया था जैसे गेंहू से भरा टेंक खाली करने के लिए मशीन खड़ी करी तो अचानक से आग की लपटे दिखी ओर मशीन जलने लगी उसी आग से खेत की नौलाई मे आग लग गई सूझबूझ से वहा खड़े लोगो ने तुरंत गांव मे लोगो को आग पर काबू पाने के लिए टेक्टर मंगवाये ओर आग लगे खेत तो हाकना सुरू कर दिया ओर आग पर काबू पा लिया ओर बडा नुकसान होने से बच गया - वही मशीन का इजंन जल गया!

खेमराज मीणा छोटा ने बताया कि सीसवाली क्षेत्र बड़ा होने के बाद भी सीसवाली मे अग्निशमन गाड़ी नही! अग्निशमन के अभाव मे क्षेत्र मे कई बार गेंहू की कई बीधा फसल आग लगने से जल कर राख हो गई!

आग लगने पर मांगरोल या अन्ता मे अग्निशमन विभाग मे फोन करने के कई घंटो के बाद आग लगे स्थान पर पहुंच थी है जब तक या तो लोग आग बुझा देते है या फिर सब कुछ खत्म हो जाता है!

कई बार इस समस्या को हल करने के लिए राजनेताऔ को अवगत कराया लेकिन आज तक हल नही हुआ!

# राजस्व ग्राम लाड़ोली को वर्तमान ग्राम पंचायत निम्बड़ी से अलग कर पुनः सीमांकन द्वारा नवीन गांम पंचायत सृजित की जाए

**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** डीडवाना जिले के मकराना उपखंड के ग्राम लाड़ोली को वर्तमान ग्राम पंचायत निम्बड़ी से अलग कर पुन- सीमांकन द्वारा नवीन गांम पंचायत सृजित की जाने की मांग का ज्ञापन सोपा गया ।जिसमें मांग कर बताया कि ग्राम लांडोली पंचायत राज अधिनियम 1994 की धारा 101 के अन्तर्गत पंचायत राज संस्थाओं की सीमाओं में परिवर्तन एवं नवसृजन के के आधार पर ग्राम



पंचायत बनाई जाए। वर्तमान ग्राम पंचायत निम्बड़ी में तीन गाँवों से सबसे बड़ा गाँव है। भौगोलिक जनसंख्या सुख सुविधा के आधार पर वर्तमान गाम पंचायत से 11 किमी. दूर होने के कारण ग्रामवासियों को काफी परेशानीयो का सामाना करना पड़ता है ।गाँव से सरकारी कार्य के लिए गांम पंचायत पंचायत समिति तहसील पुस्तकालय पुलिस थाना परबतसर राजस्व अभिलेख बिसरोली स्वास्थ्य केंद्र बिल्लू से 100 किमी दूरी का चक्कर लगाना होता है। जिसके आर्थिक हानि अधिक समय लगता है। राजस्व ग्राम लाड़ोली की जनसंख्या जनगणना 2011 के अनुसार सुपरवाइजर रिपोर्ट के अनुसार 2995 है। जबकि उपखंड कार्यालय के अनुसार 2327 है। जिसमे 15 प्रतिशत छूट के आधार पर राजस्व ग्राम लाड़ोली के पास चांदोलाई गुजरों की ढाणी खातीयो की ढाणी को शामिल कर नई ग्राम पंचायत बनाई का सकती है। गांव के मेन बस स्टैंड के पास राजकीय प्राथमिक विद्यालय कमोन्नत होकर नए भवन में स्थानांतरण होने के कारण पंचायत भवन बनाया जा सकता है। आसपास के गांव से काफी बड़ा गांव है ।गांव के चारों और दिशाओं में गोचर पायतन ओरण सहित 2000 हजार बीघा जमीन 6 तालाब नाडीया है। गांव के पांच किमी दूरी पर बेसरौली अनाज मंडी रेलवे स्टेशन है। 6 किमी दूरी पर बोरावड़ रेलवे स्टेशन है। मार्बल मंडी पुलिस चौकी है। ग्राम को गोद लेकर आदर्श ग्राम पंचायत बनाने के लिए अनेक समाजसेवी भामाशाह है। जिनमें इन सभी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए। नई ग्राम पंचायत बनाई जाए।

हुक्मनामा समाचार



### मुख्यमंत्री का श्रीगंगानगर दौरा • गंगनहर परियोजना के शिवपुर हैड का किया निरीक्षण

# आईजीएनपी, भाखड़ा नहर और गंगनहर प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए दोनों बजट में किए महत्वपूर्ण प्रावधान : भजनलाल शर्मा







**श्रीगंगानगर (हुक्मनामा समाचार)।** माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने हनुमानगढ़-श्रीगंगानगर के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन बुधवार को श्रीगंगानगर जिले में गंगनहर परियोजना के अर्न्तगत शिवपुर हैड का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री ने शिवपुर हैड का निरीक्षण करने के पश्चात कहा कि राज्य सरकार किसानों की खुशहाली और कृषि उत्पादन में वृद्धि के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। सिंचाई व्यवस्था को बेहतर बनाना सरकार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर है ताकि अंतिम छोर पर स्थित खेतों तक भी पर्याप्त नहरी पानी पहुंचा कर किसानों को लाभान्वित किया जा सके। उन्होंने कहा कि श्रीगंगानगर और हनुमानगढ़ जिलों में नहरी जल पर निर्भरता को देखते हुए राज्य सरकार ने आईजीएनपी, भाखड़ा नहर और गंगनहर प्रणाली के सुदृढ़ीकरण के लिए गत दोनों बजट में कई महत्वपूर्ण योजनाएं शुरू की हैं।

### ऑटोमेशन सिस्टम दिलाएगा सेम की समस्या से निजात

मुख्यमंत्री ने कहा कि गंगनगर प्रणाली में कृषि, शहरी और औद्योगिक जरूरतों के लिए नहरी जल का बेहतर प्रबंधन करने के लिए 695 करोड़ रुपए की लागत से ऑटोमेशन की डीपीआर केन्द्रीय जल आयोग द्वारा स्वीकृत की जा चुकी है। इसके वित्त पोषण के लिए केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भिजवाया गया है। उन्होने कहा कि ऑटोमेशन सिस्टम स्थापित होने से आरम्भिक छोर (हेड रीच) और अंतिम छोर (टेल रीच) पर समान रूप से पानी उपलब्ध हो सकेगा तथा अधिक पानी के कारण भूमि की उर्वरता में कमी एवं सेम की समस्या से छुटकारा मिलेगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए गंग कैनाल ऐप और गंगनहर रेग्युलेशन पोर्टल का निर्माण भी किया गया है, जिससे नहर खुलने और बंद होने की जानकारी उनके मोबाइल पर उपलब्ध हो सकेगी। काश्तकारों में बारी के विवादों के समाधन के लिए बाराबंदी सॉफ्टवेयर भी तैयार किया जा चुका है।



### 225 करोड़ से होगा भाखड़ा सिंचाई परियोजना का जीर्णोद्धार

मुख्यमंत्री ने कहा कि भाखड़ा सिंचाई परियोजना के अंतर्गत नहरों के जीर्णोद्धार के लिए राज्य सरकार ने अब तक 225 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है, जिससे हनुमानगढ़ जिले की संगरिया, टिब्बी, हनुमानगढ़, पीलीबंगा और श्रीगंगानगर जिले की सादुलशहर तहसील के किसान लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि सिद्धमुख सिंचाई परियोजना के अंतर्गत नोहर व भादरा तहसीलों में नहरों के जीर्णोद्धार के 128 करोड़ रुपए के कार्य शुरू करवाए जा चुके हैं और 45 करोड़ रुपए के कार्य शीघ्र प्रारम्भ करवाए जाएंगे।

घग्घर डायवर्जन चैनल का होगा सुदृढीकरणए बाढ़ की समस्या का होगा समाधान

### बेहतर सिंचाई प्रबंधन के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश

मुख्यमंत्री ने शिवपुर हैड के कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से अधिकारियों से जानकारी ली तथा गंगनहर प्रणाली के बेहतर सिंचाई प्रबंधन के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान शर्मा ने किसानों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम भी पूछी। इसके बाद शर्मा ने शिवपुर हैड स्थित महाराजा गंगासिंह जी की प्रतिमा पर पहुंचे तथा संग्रहालय का अवलोकन किया। शर्मा ने गंगनहर तथा शिवपुर हैड के निर्माण में महाराजा गंगासिंह जी के ऐतिहासिक योगदान को नमन किया। इस दौरान खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, सादुलशहर विधायक गुरवीर सिंह बराड़, गंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, अतिरिक्त मुख्य सचिव जल संसाधन अभय कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### गंगनहर में होंगे 1195 करोड़ के कार्य, टेल रीच पर मिलेगा पूरा पानी

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि किसानों की लम्बे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए गंगनहर प्रणाली में क्षतिग्रस्त लाइनिंग की मरम्मत, सीसी लाइनिंग, फीडर पुनर्निर्माण, ऑटोमेशन आदि के 1195 करोड़ रुपए के कार्य करवाएं जाएंगे, जिससे सीपेज लॉस में कमी आएगी और किसानों को उनके हक का पूरा पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि 200 करोड़ रुपए की लागत से फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण कार्य की डीपीआर तैयार कर केन्द्रीय जल आयोग को भिजवाई जा चुकी है। यह कार्य पूरा होने पर श्रीगंगानगर क्षेत्र में खेतों को समय पर और भरपूर पानी मिल सकेगा। इसी प्रकार 300 करोड़ रुपए की लागत से बीकानेर कैनाल के पंजाब में स्थित भाग (आर.डी. 45 से 368) की सीसी लाइनिंग, ग्रेवल रोड तथा पट्ड़ों के निर्माण कार्यों की डीपीआर शीघ्र ही पंजाब सरकार द्वारा बनवा ली जाएगी।



### पक्के खालों के निर्माण की 60 साल पुरानी मांग बजट में पूरी

शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी नहर परियोजना के द्वितीय चरण की नहरों के जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण, पक्के खालों के निर्माण, बैलेन्सिंग रिजर्वायर आदि कार्यों के लिए इस वर्ष के बजट में 1108 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसानों की 60 साल से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए हनुमानगढ़ जिले के एक लाख 7 हजार हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में पक्के खालों के निर्माण के लिए 590 करोड़ रुपए का बजटीय प्रावधान किया गया है। कंवरसेन लिफ्ट नहर क्षेत्र में क्षतिग्रस्त खालों के जीर्णोद्धार के 185 करोड़ रुपये की लागत के कार्य आईजीएनपी बोर्ड द्वारा स्वीकृत कर दिए गए हैं। इसी प्रकार श्रीगंगानगर जिले में रायसिंहनगर, अनूपगढ़, घड़साना, रावला और श्रीविजयनगर के 44 हजार हेक्टेयर सिंचित क्षेत्र में पक्के खालों का पुनर्निर्माण 200 करोड़ रुपये की लागत से करवाया जाएगा। साथ ही, भाखड़ा और गंगनहर परियोजना के अंतर्गत आने वाले श्रीगंगानगर के क्षेत्रों में अब तक शेष रहे खालों का निर्माण भी किया जाएगा, जिससे हर खेत तक पानी पहुंच सकेगा।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुबई के क्राउन प्रिंस से मुलाक़ात के दौरान चेतक की प्रतिमा भेंट की





*प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई दिल्ली में दुबई के क्राउन प्रिंस (उत्तराधिकारी युवराज) शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम से अपने निवास पर मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने मुलाक़ात के दौरान महाराणा प्रताप के घोड़े चेतक की प्रतिमा उन्हें भेंट की। प्रधानमंत्री ने भारत की समृद्ध विरासत की जानकारी साझा करते हुए महाराणा प्रताप और उनके घोड़े चेतक के ऐतिहासिक योगदान की जानकारी दी, कि किस प्रकार युद्ध मैदान में अपने प्राणों की आहुती देते हुए चेतक ने महाराणा प्रताप के जीवन की रक्षा की।*

## आरटीई लॉटरी : तीन लाख बच्चों को मिलेगा मुफ्त दाखिला

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने शिक्षा संकुल परिसर सभागार में आयोजित एक सादा समारोह में बुधवार को नि:शुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 की धारा 12(1)(ग) के तहत ऑनलाइन लॉटरी प्रक्रिया का शुभारंभ किया। शैक्षिक सत्र 2025-26 के लिए तीन लाख से अधिक बच्चों को गैर-सरकारी विद्यालयों में निन्शुल्क प्रवेश मिलेगा। राज्य में कुल 34,799 पात्र गैर-सरकारी विद्यालयों के लिए यह लॉटरी निकाली गयी, जिससे लाखों बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर मिलेगा। अभिभावक बेव पोर्टल पर आवेदन आईडी व मोबाइल नंबर के माध्यम से अपने बच्चे की वरीयता सूची में स्थिति देख सकते हैं।

शिक्षामंत्री ने असहाय वर्ग और अल्पआय वर्ग के बच्चों को निन्शुल्क शिक्षा की सौगात देते हुए ऑनलाइन पोर्टल पर क्लिक करते हुए लॉटरी का शुभारंभ किया।

लॉटरी द्वारा वरीयता सूची को अभिभावक विद्यालयवार वेबपोर्टल के होम पेज पर अभ्यार्थी प्राथमिकता क्रम पर क्लिक करके देख सकते हैं। यहां आवेदन की आईडी नंबर व मोबाइल नंबर से लॉगिन करके वरीयता क्रमांक सभी आवेदित विद्यालयों में एक साथ देख सकते हैं।

बजाज TMT बार
की ओर से महावीर जयन्ती पर हार्दिक शुभकामनाएं
निर्माता:
प्रेम जैन इस्पात उद्योग प्रा. लि.
कुबेर इण्डस्ट्रीयल एरिया, रानपुर, कोटा (राज.)

## कांस्टेबल भर्ती 2025 की प्रक्रिया शुरू

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पुलिस के विभिन्न जिला, यूनिट एवं बटालियन में कांस्टेबल सामान्य, चालक, बैण्ड एवं पुलिस दूरसंचार में ऑपरेटर व चालक के 9617 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए पुलिस विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया चालू कर दी है। आवेदक आगामी 28 अप्रैल से 17 मई, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड बिपिन कुमार पाण्डेय ने बताया कि राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम में निहित प्रावधानों के अन्तर्गत विभिन्न जिला, यूनिट व बटालियन में कॉन्स्टेबल सामान्य, चालक, बैण्ड एवं पुलिस दूरसंचार में ऑपरेटर व चालक के 9617 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए बुधवार को दो अलग अलग विज्ञप्ति जारी कर दी गई है। योग्य अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन-पत्र राजकॉम इन्फो सर्विसेज लिमिटेड द्वारा संचालित समस्त ई-मित्र कियोस्क, जनसुविधा केन्द्र एवं विभाग की वेबसाईट पर 28 अप्रैल से 17 मई, 2025 तक भर सकते हैं। एडीजी पाण्डेय ने बताया कि आवेदकों को सलाह दी है कि ऑनलाईन आवेदन की अन्तिम दिनांक का इन्तजार किए बिना, समय सीमा में आवेदन करें।

देवाधिदेव श्री 1008 भगवान
महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव
पर सभी कोटावासियों को
बधाई एवं शुभकामनाएं
देवाधिदेवश्री 1008 महावीर भगवान
भव्य शोभायात्रा
दिनांक 10 अप्रेल 2025, गुरुवार प्रात: 7.30 बजे
हिन्दू धर्मशाला से प्रारम्भ होकर आर्य समाज रोड़ रामपुरा, लिंक रोड़, अग्रसेन बाजार, सब्जीमंडी, श्रीपुरा, कैथूनीपोल, पाटनपोल, टिपटा, गढ़ पैलेस से होकर दशहरा मैदान कोटा पहुंचेगी
पूर्व अध्यक्ष: राजमल पाटौदी, अजय बाकलीवाल | परम संरक्षक: विमल जैन 'नान्ता', विनोद जैन 'टोरड़ी', प्रकाश ठोरा | अध्यक्ष: प्रकाश बज | महामंत्री: पदम बड़ला | कोषाध्यक्ष: जितेन्द्र हरसोरा
एवं समस्त सदस्य गण
निवेदक : श्री सकल दिगम्बर जैन समाज समिति, कोटा (राज.)

भगवान महावीर
के 2625 वें
जन्म कल्याणक
महोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन त्रिकाल चौबीसी
पुण्योदय अतिशय क्षेत्र, नसियां जी दादाबाड़ी, कोटा
हुकम जैन 'काका' (निदेशक),
जम्बू जैन सर्राफ (अध्यक्ष),
मनीष जैन मोहीवाल (कोषाध्यक्ष)
समस्त कार्यकारिणी श्री नसियां जी क्षेत्रिय
दिगम्बर जैन समाज, दादाबाड़ी, कोटा
मो. 9413166664, 0744-4501317

विश्व नवकार मंत्र दिवस समारोह आयोजित

## नवकार मंत्र विश्व कल्याण से जुड़ी प्रार्थना : राज्यपाल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने नवकार मंत्र को स्तुति से युक्त सर्व कल्याण प्रार्थना बताते हुए कहा है कि यह ध्यान का ज्ञान है। उन्होंने कहा कि यह विश्व कल्याण के साथ बाधाओं के निवारण का आदि मंत्र है। उन्होंने कहा कि विश्व नवकार मंत्र दिवस भारत की अध्यात्म परम्परा में निहित विश्व शांति की सामूहिक भावना का द्योतक है। बागडे बुधवार को जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन (जीतो) द्वारा आयोजित विश्व नवकार मंत्र दिवस पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन मंत्रों की साधना से ही जुड़ा है। मंत्र का अर्थ होता है, पवित्र उच्चारण। इससे धरती पर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और नकारात्मक भावों से मुक्ति मिलती है। उन्होंने जैन परंपरा में तीर्थंकरों की भूमिका की चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने जीवन का आदर्श मार्ग प्रदान किया। तप, अहिंसा, अपरिग्रह आदि के मार्ग से जीवन को धन्य करने की शिक्षा तीर्थंकरों ने दी। नवकार मंत्र इसी परंपरा का बहुत पावन भारतीय संस्कार है। यह मानव कल्याण से जुड़ा है। राज्यपाल ने इससे पहले नमोकार मंत्र का उच्चारण करते हुए कहा कि इस मंत्र को समझकर और भक्तिपूर्वक जपने से आदिनाथ का ध्यान ही नहीं होता जीवन की तमाम समस्याओं के समाधान का मार्ग खुल जाता है।



उन्होंने कहा कि जैन धर्म नहीं संस्कृति है। उन्होंने सर्वे भवन्तु सुखिन की भारतीय सोच का प्रसार करने का भी आह्वान किया।

देवाधिदेव श्री 1008
भगवान महावीर स्वामी
जन्म कल्याणक
के पावन पर्व पर आप सभी को
हार्दिक शुभकामनाऐं
अध्यक्ष: राजमल पाटोदी | कार्याध्यक्ष: पारस धनोप्या सीए, रितेश सेठी | महामंत्री: अनिल जैन ठौरा
मंत्री: पी.के. हरसोरा | कोषाध्यक्ष: बाबूलाल जैन रेबारपुरा
समस्त दिगम्बर जैन समाज,
विज्ञान नगर, कोटा

भगवान महावीर के 2625 वें
जन्म कल्याणक महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
अशोक पहाडिया, अध्यक्ष | रविन्द्र लुहाडिया, कार्याध्यक्ष | हेमन्त पाटनी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष
प्रकाश सामरिया, महामंत्री | उपेन्द्र जैन, कोषाध्यक्ष
व समस्त कार्यकारिणी एवं सदस्य
श्री महावीर दिगम्बर जैन मंदिर समिति,
तलवण्डी, कोटा

# महावीर जयंती महोत्सव के तहत धार्मिक अनुष्ठानों की धूम



**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** महावीर जयंती महोत्सव के तहत जैन संघ मकराना के तत्वावधान में जैन मंदिरों में अनेक प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये जा रहे है। इन अनुष्ठानों के सफल आयोजन को लेकर लग अलग संयोजक भी संघ की ओर से बनाये गये है। बुधवार को आनंद नगर के पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में महिलाओं के द्वारा भगवान की आरती की गई। साथ ही णमोकार मंत्र का जाप, मंगलाचरण, भक्तांबर, भजन कीर्तन आदि कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसके अलावा बालिकाओं एवं बगों के लिये अलग अलग धार्मिक प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इसी प्रकार सदर बाजार के आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में भी प्रात: भगवान की सामूहिक रूप से समाज बंधुओं ने आरती किये जाने के साथ साथ शांतिधारा, अभिषेक एवं भगवान के छत्र चढाये जाने आदि अनुष्ठान संपादित किये। वही वसुंधरा नगर कॉलोनी के चन्द्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर में भी आज दिन भी धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। आज भगवान महावीर निकलने की शोभा यात्रा:- भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव आज गुरुवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। वसुंधरा नगर विकास समिति अध्यक्ष सुनील कुमार जैन ने बताया कि श्रीजैन संघ मकराना के तत्वावधान में भगवान महावीर जयंती के मौके पर गुरूवार को प्रात: 7.30 बजे शोभायात्रा निकाली जायेगी, यह शोभायात्रा आदिनाथ मंदिर मकराना से प्रारंभ होकर चारभुजा चौक, जय शिव चौक से स्टेशन चौक से सिनेमा गली होते हुए चारभुजा चौक सदर बाजार से पुन: आदिनाथ मंदिर पहुंचेगी। जयंती महोत्सव के तहत श्रीमहावीर भवन में सांस्कृतिक कार्यक्रमो का आयोजन होगा। इस दौरान समाज के वृद्धजनों तथा समाज की होनहार प्रतिभाओं का भी सम्मान किया जायेगा। साथ ही यहां पर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतियोगियों को जैन संघ मकराना की ओर से सांत्वना पुरस्कार दिया जाकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान वर्ष भर त्याग तपस्या करने वाले समाज के महानुभावों को भी सम्मानित किया जाएगा।

## बार बार ट्रिपिंग से लोग परेशान

**रामगंजमंडी (हुक्मनामा समाचार)।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए लोगो ने समस्याएं बताते हुए कहा कि क्षेत्र के अंदर लगातार बार बार ट्रिपिंग (बिजली गूल) का खेल चल रहा है। लोगो ने कहा कि रात्रि मे लगातार बिजली कटने से लोगो को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बिजली उपभोक्ताओं ने कहा कि यहां के एईएन छुट्टी पर होने के कारण 15 दिनों के लिए जेईएन यादव को कार्यभार सौंपा गया है लेकिन फिर भी टिपिंग की समस्याओ को लेकर अधिकारी सुस्ती का अमलीजामा पहनाते हुए बाज नही आ रहे।

लोगो की मांग है कि बार बार लगातार ट्रिपिंग बिजली जाने की समस्याओ पर ध्यान देते हुए विभाग आमजन को राहत प्रदान कराने मांग लोग करने लगे है।

## गिग वर्कर्स के लिए विशेष पंजीकरण अभियान 17 अप्रेल तक

**कोटा (हुक्मनामा समाचार)।** केन्द्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से राज्य के श्रम विभाग के सहयोग से 17 अप्रेल तक प्लेटफार्म श्रमिकों के लिए एक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जाएगा। संयुक्त श्रम आयुक्त संकेत मोदी ने बताया कि सभी प्लेटफार्म श्रमिक जो जोमेटो, स्वीगी, ओला, उबर, रैपेडो, अमेजन, फिलिपकार्ट, ब्लिंकिंट, ई-कार्ट, अर्बन कंपनी आदि में कार्यरत हैं, उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीयन कराने के लिए आव्हान किया जा रहा है। संयुक्त श्रम आयुक्त ने बताया कि जिला प्रषासन एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वाधान में पहला षिविर आयोजित किया गया जिसमें 35 श्रमिकों के पंजीयन हुए। आगामी शिविर 15 अप्रेल को कोटा मॉडल टाउन स्टोर, जैन मंदिर रोड, स्टेषन पर, 16 अप्रेल को रंगबाडी स्टोर, बेस मेंट ऑफ रजत सीटी ग्रुप (पार्क व्यू बिल्डिंग) घटोत्कच्छ सर्किल, के पास, रंगबाडी तथा 17 अप्रेल को कुन्हाडी स्टोर, हरी हॉस्पिटल के पास, लैण्डमार्क सिटी, कुन्हाड़ी में आयोजित होगा। पंजीयन की पात्रता पंजीकरण के लिए श्रमिक की आयु 16 से 59 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हो। ईपीएफओ, ईएसआई का सदस्य नहीं होना चाहिए तथा आयकर दाता नहीं हो। अभियान में पंजीकरण के लिए प्लेटफार्म श्रमिकों को विशेष कैम्प में अपने आधार कार्ड, पैनकार्ड व आधारकार्ड से लिंक मोबाइल नंबर के साथ उपस्थित होना होगा। पंजीकृत श्रमिक एवं उनके परिवार को आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 लाख रूपये का वार्षिक स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

## परिसीमन से विरोध मुखर, कलक्टर को सौंपे ज्ञापन




**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** बुधवार को जनसुनवाई में भिनाय पधारे जिला कलक्टर लोकबंधु को पीलोदा,खायडा व निमेडा के ग्रामीणों ने परिसीमन के विरोध में मुखर होते यथास्थिति रखने अथवा पंचायत मुख्यालय में तब्दीली करने की मांग की । बुधवार को पीलोदा के ग्रामीणों ने राममालिया के पूर्व सरपंच गणेश चौधरी के नेर्तत्व में ज्ञापन सौंपकर पीलोदा को राममालिया ग्राम पंचायत में ही यथावत रखने की मांग की। इधर खायडा के ग्रामीणों ने नवीन परिसीमन में सोलखुर्द को पंचायत बनाया गया जो खायडा व पिपलिया से भी छोटा गांव है। ग्रामीणों ने विधायक वीरेंद्र सिंह कानावत पर जातिवाद करने का आरोप लगाते हुए खायडा ग्राम को पंचायत मुख्यालय बनाने की मांग की। वही ग्राम निमेडा के ग्रामीणों ने भी निमेडा को पंचायत मुख्यालय बनाने। नही बनाने की स्थिति में लामगरा में ही यथावत रखने की मांग की। उन्होंने ज्ञापन में यह भी बताया कि निमेडा को ग्राम पंचायत बनाने के साथ साथ गनाहेड़ा व झाबर्किया को भी निमेडा में जोड़ने की मांग उठाई। मंगलवार को चावंडिया व माता जी का खेडा के ग्रामीणों ने भी एसडीएम सुनील कुमार झींगोनिया को ज्ञापन सौंपकर दोनों गांवो को एकलसिंगा में नही जोड़कर सोबड़ी में ही यथावत रखने की मांग की थी।

## विश्व होम्योपैथी दिवस एवं हैनिमैन जयंती का आयोजन

**केकडी (हुक्मनामा समाचार)।** विश्व होम्योपैथी दिवस एवं हैनिमैन जयंती का आयोजन यूनिवर्सिटी कॉलेज आफ होम्योपैथी केकड़ी द्वारा महाविधालय परिसर में विश्व होम्योपैथिक दिवस की पूर्व संध्या पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य एवं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पुनीत आर शाह द्वारा डॉ. हेनीमैन की तस्वीर पर दीपक प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विधार्थियों द्वारा कई रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। जिसमें हैनिमैन का जीवन वृतांत एक नाट्य प्रस्तुती द्वारा मंचित किया गया तथा एक कविता के मध्यम से होम्योपैथिक दवाओं के चरित्रगत लक्षणों का वर्णन भी प्रस्तुत किया गया। मंच का संचालन सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. अंजलि ठाकुर, सदस्य सचिव डॉ. स्वाति शर्मा एवं सदस्य डॉ. देवेन्द्र कुमार नामा द्वारा किया गया। हर वर्ष 10 अप्रैल डॉ हेनीमैन का जन्म दिवस विश्व भर में विश्व होम्योपैथिक दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सभी शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक तथा सभी विधार्थी उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य में बी. जैन पब्लिकेशन द्वारा टॉपर्स को पुस्तकें वितरित की गईं, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और प्रभावशीलता में और वृद्धि हुई। उनकी उपस्थिति ने समारोह को और भी प्रेरणादायक और यादगार बना दिया। कार्यक्रम के अंत में सांस्कृतिक समिति की अध्यक्ष डॉ. संगीता जैन ने सभी को विश्व होम्योपैथी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम की सफलता के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

## कृषि उपज मंडी छीपाबड़ौद में आज महावीर जयंती का रहेगा अवकाश

**छीपाबड़ौद (हुक्मनामा समाचार)।** छीपाबड़ौद- कृषि उपज मंडी व्यापार संघ छीपाबड़ौद ने बुधवार शाम 5:00 बजे प्रेस नोट जारी कर बताया कि (गौण मंडी) कृषि उपज मंडी छीपाबड़ौद में 10 अप्रेल 2025 गुरुवार को भगवान महावीर जयंती होने के कारण तुलाई कार्य बन्द करने का निर्णय लिया। 1 दिवसीय अवकाश रहेगा । वही किसानों से अपील कि गुरुवार को जीन्स बोली के लिये मंडी में नही लाये।

## जैन संत 108 उपाध्याय विकसंत सागर महाराज के सानिध्य में विश्व कल्याण की भावना के साथ नवकार मंत्र का जाप किया



**पिड़ावा (हुक्मनामा समाचार)।** भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याण के अवसर पर 9 अप्रैल बुधवार को विश्व कल्याण की भावना के साथ सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वाधान में सामूहिक नवकार मंत्र का जाप किया गया। जैन समाज प्रवक्ता मुकेश जैन चेलावत ने बताया कि 9 अप्रैल बुधवार को प्रात: 8:01 मिनिट से प्रात: 9:36 मिनिट तक मांगलिक भवन में सामूहिक नवकार मंत्र का जाप किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रांजल जैन के मंगलमय मंगलाचरण के साथ हुआ। उपाध्याय 108 श्री विकसंत सागर महाराज 14 पिच्छिका धारी मुनिराजो व आर्यिका संघ के सानिध्य में नवकार मंत्र का जाप किया गया। इस अवसर पर महाराज श्री ने बताया कि दुनिया को शांति के लिए एक सूत्र में पिरोंने का महा अनुष्ठान नवकार महामंत्र मंत्र है। णमोकार महामंत्र विश्व का पवित्र अलौकिक एवं विलक्षण मंत्र है जो कि अपनी स्वयं की आत्मा से संबंधित है इसे नवकार महामंत्र, नमस्कार मंत्र या पंच परमेष्ठी नमस्कार मंत्र भी कहा जाता है। णमोकार मंत्र एक लोकोत्तर मंत्र है। इस मंत्र को जैन धर्म का परम पवित्र और अनादि मूल मंत्र माना जाता है। इसमें किसी व्यक्ति का नहीं किंतु संपूर्ण रूप से विकसित और विकासमान, विशुद्ध, आत्म स्वरूप का ही दर्शन, स्मरण , चिंतन, ध्यान एवं अनुभव किया जाता है।

इसलिए यह अनादि और अक्षय स्वरूपी मंत्र है महाराज जी ने बताया कि महावीर स्वामी ने भी जीवों और जीने दो, का दिव्य संदेश दिया था। भगवान महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ 10 अप्रेल गुरूवार को मनाया जायेगा।

कार्यक्रम का संचालन भूपेंद्र सिंह जैन ने किया।

## ग्राम मांगलवा को ग्राम पंचायत रानीगांव में यथावत रखने को लेकर एसडीएम को ज्ञापन दिया



**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** निकटवर्ती मांगलवा ग्रामीणों ने मांगलवा को ग्राम पंचायत रानीगांव में यथावत रखने को लेकर एसडीएम मकराना व विद्यायक जाकिर गैसावत मकराना को ज्ञापन दिया। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया वर्तमान मे जो सुचना मिली है कि हमारे गांव मांगलवा को ग्राम गोठड़ी में शामिल करके नई पंचायत बनाने की प्रक्रिया चल रही है जो वर्तमान में ग्राम पंचायतों का परिसीमन हो रहा है तथा हम ग्रामवासियों ग्राम पंचायत रानीगांव मे ही सम्मलित रहना चाहते है। अगर हमें गोठड़ी ग्राम पंचायत में सम्मलित करते है तो ग्राम मांगलवा से लगभग 10 किलोमीटर है और ग्रामपंचायत रानीगांव ग्राम मांगलवा से लगभग 5 किलोमीटर से कम है दूरी पर है और हमारे गांव के सभी व्यक्तियों के कागजात ग्राम पंचायत रानीगांव के बने हुए। ग्रामवासियों की समस्या को ध्यान में रखते ग्राम मांगलवा को ग्राम पंचायत रानीगांव में रखा जाये। इस अवसर एसडीएम ने कहा राजस्व विभाग व अधिकारियो से बात कर जो उचित होगा वह किया जायेगा। इस अवसर पर कल्याणराम चौधरी, रेखाराम, निम्माराम, भूराराम, आशाराम, महेन्द्र खींचड़, राजूराम, मुकेश खीचड़, गेनाराम, भंवरलाल सहित समस्त ग्रामवासी एकत्रित होकर मकराना जाकर एसडीएम कार्यालय पर ज्ञापन दिया और मांग रखी।

## महिलाओं जल संरक्षण के लिये जागरूक किया

**मकराना (हुक्मनामा समाचार)।** जल संरक्षण के प्रति महिलाओं को जागरूत किये जाने को लेकर माताभर क्षेत्र के बावरी मोहगे में जल संरक्षण जागरूता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के सामुदायिक जागरूकता एवं जन सहभागिता कार्यक्रम के तहत परियोजना के अधिशाषी अभियंता राजकुमार के निर्देशानुसार व सहायक अभियंता श्रीकांत यादव के सहयोग से आयोजित किया गया। शिविर में उपस्थित महिलाओं को जल की महत्ता के बारे में जानकारी दी जाकर इसका उपयोग मितव्ययता से करने के लिये प्रेरित किया गया। साथ ही महिलाओं को जल उपयोगिता से संबंधित प्रपत्र भी वितरित किये गये। इसके अलावा महिलाओं को सीवर कनेक्शन व रखरखाव की जानकारी दी। कैप रुडीप के बीएल गोठवाल ने कहा कि विश्व स्तर पर जल की समस्या दिन प्रतिदिन विकराल रूप धारण करती जा रही है। पेयजल की हर एक बुंद को संरक्षित किये जाने की जरूरत है। जल है तो हमारा कल सुरक्षित है, जल के बिना सब सुन है। उन्होने शिविर में उपस्थित जनों से कहा कि बारिश के दिनों में बारिश के पानी का भी संग्रहण किया जावें और यह पानी काफी उपयोगी है। ऐसे में हमे बारिश के पानी को भी संग्रहित किये जाने हेतु सार्थक प्रयास करने होगें। साथ ही उन्होने सीवर कनेक्शन के फायदे बताते हुए सकारात्मक सहयोग की अपील की तथा सीवर कनेक्शन के फायदे बताइए तथा सीवर कनेक्शन रख रखाव की जानकारी देते हुए कहा कि सीवर लाइन में किसी प्रकार के ठोस पदार्थ, प्लास्टिक, अदरक के टुकड़े, चाय पत्ती, सब्जी के पत्ते, शैंपू के पाउच, सेनेटरी पैड आदि इसमें प्रवाहित न करे। घरों से निकलने वाला कचरा नगर परिषद द्वारा भेजे गए वाहन में ही डाले जिससे मोहगा साफ सुथरा रहे, यह हम सब की हमारी जिम्मेदारी है। इस दौरान उन्होने पर्यावरण संरक्षण को लेकर महिलाओं से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक पौधे लगाये जाने के साथ साथ पेड पौधों को काटने वालों के खिलाफ आवाज उठाये। शिविर में उपस्थित जनों को जल एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर शिविर प्रभारी ने संकल्प भी दिलाया।

कार्यक्रम में परियोजना से जुडी रोहिणी व राधा ने भी स्वच्छता के बारे में विस्तार से जानकारी।

## छोटीखाटू के एक परिवार तीन व्यक्तियों का डॉक्टर में सलेक्शन होने पर समाज व ग्रामीणों ने स्वागत किया



**छोटीखाटू (हुक्मनामा समाचार)।** तहसील के एक जोशी परिवार के तीन सदस्य का डाक्टर बने पर ग्रामीणों व समाज बन्धुओं ने स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें डॉ ताराचंद जोशी सहायक आचार्य न्यूरोलोजी एस एम एस जयपूर, डॉ अजय जोशी एम बी बी एस रेडियोलोजी, डॉ ऐश्वर्या डेन्टिस्ट में सलेक्शन होने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। कर्नल मदन सिंह जोधा ने बताया इनके पिता हरीप्रसाद ने बच्चों के शिक्षा के प्रति लगाव रख कर तीनों सदस्यों को डॉक्टर पद तक पंहुचाया और इनके पिता गरीब परिवार से थे और बच्चों को हमेशा शिक्षा के प्रति आगे रखा और भाई राजेन्द्र जोशी द्वारा जयपुर में किसी प्रकार समस्या पर छोटीखाटू वासियों सहयोग करते है। कार्यक्रम का मंच संचालन लोकेशकुमार नवल ने किया। इस अवसर पर हरीप्रसाद जोशी, प्रेमसुख जोशी, सत्यनारायण जोशी, ओमप्रकाश जोशी, कर्नल मदन सिंह जोधा, सुरेन्द्र सारड़ीवाल, राजेन्द्र जोशी, बनवारीलाल जोशी, मुकेश जोशी, पीरचंद जोशी, गोविन्द जोशी, चंपालाल पारीक, उमेश जोशी, पं. जितेन्द्र, उर्मिला देवी, सरोज देवी, रामकिशोर कच्छावा, पृथ्वीराज गहलोत, निर्भयराम गहलोत, मोहन जादम, हेमाराम बागड़ी, प्रधानाचार्य भगवतीप्रसाद नांगलिया, सुरेश जोशी, दामोदर जोशी, गिरधारी जोशी, रामकिशोर टाक, रूपाराम माली, जुगलकिशोर अटल, गोपाल सैनी, रूपाराम बागड़ी, मनीष जोशी सहित ग्रामीणों ने स्वागत किया।

## पानी की पाइप लाइन डलवाने की मांग सोपा ज्ञापन



**डीडवाना (हुक्मनामा समाचार)।** शहर के वार्ड 33 के निवासियों के द्वारा पानी की पाइप लाइन डलवाने की मांग को लेकर एक ज्ञापन सोपा गया। ज्ञापन में मांग की गई की वार्ड 33 हनुमान नगर जिला खेल स्टेडियम रोड के पास हरिजन बस्ती डीडवाना में पानी की पाइप लाइन डलवाकर कनेक्शन हेतु टीबा बास से होते हुए कनेक्शन करवाया जाए। मोहल्ले वासियों ने बताया पूर्व में भी इसी विषय को लेकर तीन से चार बार शिकायत दी गई है।मांग की गई है।लेकिन आज तक उसका समाधान नहीं हुआ है। जिस पर तुरंत संज्ञान लेकर उचित समाधान करवाया जाये।

## पूर्व विधायक हुए धार्मिक समारोह में सामिल



**अराई (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व विधायक सुरेश टांक मनोहरपुरा में आयोजित भागवत कथा में सामिल होकर बालाजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने मनोहरपुरा में बालाजी मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में कथावाचक अवधेश दास जी महाराज के मुखारविंद से कथा सुनी और बालाजी महाराज व व्यासपीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि शानदार आयोजन व मुझे इतना प्यार व आशीर्वाद देने के लिए आयोजक समिति व ग्रामवासियों का सहृदय धन्यवाद दिया। समारोह में श्रद्धालुओं ने वीर हनुमान के जयकारे लगाए और भागवत कथा सुनी।

## व्याख्याता का नवीन पद स्थापन ओर पदोन्नति पर संस्था ने आयोजित किया विदाई समारोह



**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में व्याख्याता प्रदीप भाटी उप प्रधानाचार्य पद पर पदोन्नति व नव पदस्थापन होने पर विद्यालय स्टाफ ने विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थानी परंपरा अनुसार माल साफा पहनाकर स्मृति चिन्ह देखकर सम्मान किया और विदाई दी। जिसमें स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य सपना चौधरी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं साथ ही आशा करते हैं कि आप जिस विद्यालय में जा रहे हो वहां शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार के साथ विद्यालय विकास में अपना मूल्य योगदान देंगे इस विदाई समारोह में विद्यालय स्टाफ प्रियदर्शी, संजूलता गोपीचंद पारीक, जगदीश राम गोरा, इंद्रराज, जयप्रकाश शर्मा, मांगीलाल, अनसूया शर्मा, मनीष कुमार, प्रेस्ता कमेडिया, सुनील सेठी मंत्रालय कर्मचारी दीपक कुमार, संजय कुमार, रविपारीक विद्यालय सहायक दिनेश कुमार, चेनाराम, जगदीश बेड़ा आदि मौजूद रहे नव पदस्थापन उपरांत प्रदीप भाटी उप प्रधानाचार्य ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चावंडिया कलां में कार्यग्रहण किया।

## भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई परिवार के पदाधिकारियों ने मनाया 54 वां स्थापना दिवस

**निंबाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई परिवार के पदाधिकारियों ने मनाया 54 वां स्थापना दिवस। यहां बुधवार को भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एनएसयूआई परिवार के सदस्यों द्वारा स्थापना दिवस के अवसर पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए।

यहां स्थित स्थानीय डा, भीमराव अम्बेडकर राजकीय स्नाकोत्तर महाविद्यालय में सुबह मुक पक्षियों के लिए परिंडे बांधे गए,ज़िला चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को फ्ल और बिस्किट्स वितरित किए गए, सांवलियाजी गौ शाला में पहुंचकर वहां गौ माता को चारा खिलाकर गौ सेवा की गई तथा रेल्वे स्टेशन पर यात्रियों को जल सेवा इत्यादि कार्यक्रम भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन एन एस यू आई के स्थापना दिवस के अवसर आयोजित किए गए।

इस अवसर पर पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष धीरज नगरिया, कन्हैयालाल धाकड़, रोमिल चौधरी, साजन सोनी, पंकज शर्मा, एनएसयूआई ब्लाक अध्यक्ष विक्रम अहीर, एनएसयूआई नगर अध्यक्ष रोहित जाजू, एनएसयूआई के पूर्व ब्लाक अध्यक्ष संजय उपाध्याय, नगर युवा कांग्रेस अध्यक्ष दिगवेंद्र प्रताप सिंह, सहित बड़ी संख्या में एनएसयूआई परिवार के पदाधिकारीगण तथा सदस्यगण उपस्थित थे।

# शांति व सद्भावना के साथ निकले हनुमान जयंती के जुलूस



**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** स्थानीय थाना परिसर में बुधवार को केकड़ी वृताधिकारी नेमीचंद की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक को सम्बोधित करते हुए डिप्टी नेमीचंद ने कहा कि हनुमान जयंती के जुलूस सद्भावना के साथ शांति पूर्वक सम्पन्न हो इसके हिन्दू व मुस्लिम समुदाय को भाईचारे की भावना को बढ़ावा देना होगा। उन्होंने कहा कि जिस रुट से जुलूस निकले वहा शांति कायम रहे। उन्होंने इस दौरान शांति समिति सदस्यों को कहा वर्तमान परिस्थितियों में मोबाइल फोन अपराध को बढ़ावा दे रहे है। बालिग व नाबालिग बच्चों की पहुच से मोबाइल दूर होना चाहिये। पढ़ने वाले बच्चों की गतिविधियों पर भी पैनी नजर रखनी होगी।

उनके मोबाइल चेक करते रहने चाहिए ताकि वो गलत मार्ग की ओर नही जा पाए। वर्तमान समय मे आए दिन नाबालिग लड़के लड़कियों के कांड बढ़ते जा रहे है जिसके जिम्मेदार स्वयं उनके मा बाप व परिजन है। यदि समय रहते नकेल डाल देते तो बाद में उन्हें नीचे नही देखना पड़ता। सदस्यों को सम्बोधित करते हुए तहसीलदार नीलम राठौड़ ने भी गांवो में आए दिन छोटी मोटी बातों पर होने वाले झगड़ो पर लगाम लगाने के लिए फोन पर तत्काल सूचना देने के निर्देश दिए ताकि समय रहते मामले पर काबू पाया जा सके। बैठक को बीडीओ अर्जुनसिंह शेखावत, थानाधिकारी ओमप्रकाश कासनिया ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान मौजूद दोनों समुदाय के शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने विचार रखे। बैठक में शांति समिति सदस्य राजेश तेजवानी, मोहसिन अंसारी, कैलाश मिश्रा, विजय कुमार धाबाई, तुलसीराम खींची, सुभाष वर्मा, जमील अहमद, शंकर मेवाड़ा, रामसुख गुर्जर, मांगीलाल मेवाड़ा, ओमप्रकाश आचार्य, रामधन प्रजापत, राहुल आचार्य, दीपक शर्मा, किशन साहू, पुखराज मेवाड़ा, पंकज धोबी, कानाराम माली, महावीर सेन, वहीद देशवाली, राकेश शर्मा, गजराज मेवाड़ा, रामेश्वर माली, जसराज आचार्य, राजवीर सिंह, अय्यूब, नूरमोहमद, इरफान, अहमद, इरफान चौहान सहित कई सदस्य मौजूद थे।

# कृषि उपज मंडी सचिव जवाहरलाल के कार्यकाल मे बिक रहा कचरा



**रामगंजमंडी (हुक्मनामा समाचार)।** एशिया की सबसे बड़ी मंडी रामगंजमंडी की धनिया मंडी का नाम बढ़ने की जगह घटते स्तर की चर्चा करते हुए जनमानस कहने लगा है कि कृषि उपज मंडी परिसर मे धनिये की बम्पर आवक हो रही है।

जिसकी क्वालिटी को लेकर भी भी सख्ती बरती जानी चाहिए लेकिन कृषि उपज मंडी परिसर के खुले मैदानो मे पसरे धनिये के ढेरो के बिच कचरा परोसा जा रहा है।

लोग कहते है इसकी जिम्मेदारी कृषि उपज मंडी सचिव जवारलाल नागर की है लेकिन अभी तक कचरे का व्यापार करने वाले व्यापारियों को शायद मंडी सचिव का वृद्धस्त प्राप्त होने की संभावना की चर्चा सीजन मे होने लगी है। लोगो ने कहा कि ये भुसे जैसा धनिये का कचरा किसी काम का नही लेकिन कई मशीनों पर इसको पिसकर धनिये पाउडर के साथ इस्तेमाल किया जाता है। एक तरफ सरकार क्वालिटी को लेकर बेहतर प्रोडेक्ट को लेकर सख्त निर्देश देते हुए क्वालिटी कंट्रोल विभाग भी कार्यवाही मे सतर्क है लेकिन मंडी सचिव जवारलाल नागर के कार्यकाल मे सीजन मे कचरे की खरीद फरोक्त खुलेआम चल रही है।

यह चर्चा के साथ साथ एक जाँच का विषय भी है।

# अंसरी को बनेवड़ा में जोड़ने पर ग्रामीणों ने जताई आपत्ति

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** ग्राम अंसरी को नवसृजित ग्राम पंचायत बनेवड़ा में शामिल करने पर ग्रामीणों ने कलेक्टर को आपत्ति पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि अंसरी पहले से ही ग्राम पंचायत भीमपुरा में शामिल है। अब बिना सर्वे और जांच के इसे बनेवड़ा में जोड़ दिया गया है। यह फैसला ग्रामीणों के हित में नहीं है। ग्रामीणों ने बताया कि अंसरी से बनेवड़ा की दूरी 8 किलोमीटर है। रास्ता सुनसान और वन क्षेत्र से होकर गुजरता है। यहां दिन में भी लूटपाट की घटनाएं होती हैं। सड़क भी लंबे समय से खराब है। वहीं, भीमपुरा की दूरी केवल 4 किलोमीटर है। रास्ते में खेत और आबादी क्षेत्र आता है, जिससे आवाजाही आसान रहती है। गांव अंसरी एक राजस्व ग्राम है। इसका पटवार मंडल भीमपुरा में है। यदि अंसरी को बनेवड़ा में जोड़ा गया तो पंचायत के कामों के लिए बनेवड़ा और राजस्व कार्यों के लिए मपुरा जाना पड़ेगा। इससे ग्रामीणों को दोहरी परेशानी होगी। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अंसरी और बनेवड़ा की जनसंख्या के आधार पर भी यह फैसला गलत है। अंसरी में लगभग 1100 वोटर हैं। भीमपुरा



और अंसरी को मिलाकर एक नई ग्राम पंचायत बनाई जा सकती है। बनेवड़ा में अंसरी को जोड़ने से गांव में आक्रोश है। ग्रामीणों ने मांग की कि अंसरी को बनेवड़ा से हटाकर भीमपुरा ग्राम पंचायत में ही शामिल किया जाए। प्रशासन से इस पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है। प्रतिनिधि मंडल में नगर ब्लॉक अध्यक्ष शैतान सिंह, रावत समाज सर्कल अध्यक्ष गोपाल सिंह, उप सरपंच राम सिंह, कालू सिंह, भागचंद पटेल, राम सिंह पटेल, लक्ष्मण सिंह पटेल, राजू सिंह, महावीर, राजेंद्र सिंह रावत, जिला सचिव शंकर सिंह रावत समेत ग्रामीण मौजूद थे।

# सीएचसी पर सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन



**नाहरगढ (हुक्मनामा समाचार)।** कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को प्रधान मंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र की समस्त गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया।सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धर्मपाल ने बताया कि राज्य सरकार के आदेश अनुसार प्रत्येक माह की 9 तारीख को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर प्रधान मंत्री सुरक्षित मतत्त्व दिवस का आयोजन किया जाना है। ऐसे में बुधवार को सीएचसी प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस का आयोजित किया।

जिसमें क्षेत्र की समस्त 52 गर्भवती महिलाओं का रजिस्ट्रेशन किया गया। जिनको डॉ धर्मपाल द्वारा उचित जांच व परामर्श दिया गया।16 महिला को आइरन सुक्ररोज दिए गए।माँ वाउचर योजना के तहत ऑन लाइन सोनोग्राफी वाउचर भी दिए गए। सेक्टर हेल्थ सुपरवाइजर रामेश्वर दयाल ने बताया कि सभी गर्भवती महिलाओं का वज़न, बीपी, मधुमेह, रक्त आदि तरह की आवश्यक जांच की गई। व गर्मी के बचाव के भी उपाय बताए गए। वही उनके परिजनों को भी आवश्यक जानकारियां दी गई। इस दौरान कार्यक्रम में समस्त एएनएम, आशा सहयोगिनी सहित अन्य चिकित्साकर्मी उपस्थित थे।

# किशनपुरा को पंचायत बरोदा में ही रखने को लेकर दिया एसडीएम को ज्ञापन



**भीलवाड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** बरोदा ग्राम पंचायत के किशनपुरा गांव को नवीन ग्राम पंचायत लाल का खेड़ा में जोड़ने को लेकर ग्रामीणों ने बुधवार को जहाजपुर एसडीएम को ज्ञापन देकर यथावत रखने की मांग की कैलाश गुर्जर ने बताया की बरोदा ग्राम पंचायत हमारे गांव से मात्र 1 किलोमीटर की दुरी पर पडती है। जिसमे सभी ग्रामवासियो के लिए काफी सुविधा है बरोदा मे बडी सरकारी स्कुल पटवार भवन, खाद बीज की दुकाने, सहकारी समिति ई मित्र की दुकाने दुध की डेयरी ओर अन्य कई प्रकार की सुविधा है।

जबकी नयी ग्राम पंचायत लाल का खेडा हमारे गांव से 4-5 किलोमीटर की दुरी पर है ओर वहा पर किसी भी प्रकार की कोई सुविधा भी नही है। लाल का खेडा में जोड़ने से हम सभी ग्राम वासियो को काफी दिक्कतो का सामना करना पडेगा। ग्रामवासियो को वर्तमान ग्राम पंचायत बरोदा मे ही यथावत् रखने की मांग को लेकर एसडीएम के समक्ष पेश होकर आपत्ति जताई इस दौरान हीरालाल, गोपाल, राधा किशन, ईश्वर, मोरपाल, ब्रह्मा लाल सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# भीमपुरा में रात्रि चौपाल आयोजित कर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं



**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** भीमपुरा में मंगलवार रात्रि नसीराबाद उपखंड अधिकारी देवी लाल यादव द्वारा रात्रि चौपाल का आयोजन का ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। चौपाल के दौरान ग्रामीणों की कई समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर राहत प्रदान की गई। चौपाल में सरपंच प्रतिनिधि प्रशांत कथा समेत ग्रामीणों ने बिठूर पंचायत में भीमपुरा के लिए आबादी आरक्षित भूमि को ग्राम पंचायत को हस्तांतरित करने, भीमपुरा स्कूल का भवन आबादी में स्थित है उसके बावजूद स्कूल का नाम दर्ज नहीं होने, जलदाय विभाग से इस्लाम ढाणी, ढोली मंगरी ढाणी में पानी नहीं पहुंचने की समस्या बताई। चौपाल के दौरान तहसीलदार ममता यादव द्वारा ग्रामीणों को बाल विवाह की बुराइयां बताते हुए ग्रामीणों को बाल विवाह नहीं करने की शपथ दिलाई।

चौपाल के दौरान सरपंच फेपी बानो, गिरदावर प्रशांत शुक्ला, पटवारी माखनलाल, प्रधानाचार्य अब्दुल मोबिद, कृषि पर्यवेक्षक रमेश चौधरी, सरपंच प्रतिनिधि प्रशांत काठात, ग्राम विकास अधिकारी रामवीर मीणा, युवा नेता समीम खान, एएसआई रामस्वरूप सोयल, बीट कांस्टेबल शिवराज मुंडवाड़िया, एसएमसी अध्यक्ष शमसुद्दीन काठात, शकुर काठात, बाबू मेहरात, हमीद काठात, साजन मेहरात, मुबारक अली समेत चिकित्सा, राजस्व, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत, पेयजल, पंचायत राज समेत अन्य विभागों के अधिकारी तथा कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद थे।

# जिला कलक्टर लोकबंधु को ज्ञापन सौंपकर पेंशनर्स के हितों पर हो रहे कुठाराघात को बंद करने की 'की मांग'



**भिनाय (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान पेंशनर्स समाज ने बुधवार को जिला कलक्टर लोकबंधु को ज्ञापन सोंपकर पेंशनर्स के हितों पर हो रहे कुठाराघात को बंद करने की मांग की। ज्ञापन में सीसीए पेंशन नियम संशोधन विधेयक 2025 को वापस लेने की मांग रखी। उन्होंने दिए ज्ञापन में बताया कि भारत सरकार ने संसद की मंजूरी के लिए वित्त विधेयक पेश करते समय भारत की संचित निधि से पेंशन देनदारियों पर व्यय के लिए केंद्रीय सिविल सेवा (पेंशन) नियमों और सिद्धांतों की मान्यता के लिए एक अध्याय शामिल किया है। इसके माध्यम से सरकार को पेंशनभोगियों के बीच अंतर स्थापित करने का अधिकार मिल गया है जो केंद्रीय वेतन आयोग की स्वीकृत सिफारिशों पर लागू हो सकता है. और विशेष रूप से पेंशनभोगी की सेवानिवृत्ति की तारीख या केंद्रीय वेतन आयोग की स्वीकृत सिफारिश के संचालन की तारीख के आधार पर अंतर किया जा सकता है। उक्त विधेयक के माध्यम से केंद्र सरकार ने पेंशनर्स को 8वें वेतन आयोग के लाभ से वंचित करने व पेंशनरों को तिथि के आधार पर वर्गों में बाँटकर भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन किया है साथ ही डी एस. नकारा मामले में दिनांक 17/12/1982 के सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के ऐतिहासिक निर्णय को चुनौती दी है। राजस्थान पेंशनर समाज, भारत देश में वर्ष 1972 से समान अधिकारों के साथ नियमित रूप से पेंशन प्राप्त करने वाले देश के करोड़ों पेंशनरों के हितों पर कुठाराघात करने वाले इस वित्त विधेयक का पुरजोर विरोध करता है. क्योंकि 7वीं सीपीसी जिसे 01/01/2016 से पहले और 01/01/2016 के बाद सेवानिवृत्त पेंशनभोगियों के बीच समानता बनाए रखने के लिए सरकार द्वारा स्वीकार किया गया था। यह विधेयक इस प्रकार की समानता को खत्म कर देता है। इसके अलावा, जब से 8 वी सीपीसी की घोषणा की गई है। देश भर के पेंशनभोगी अपने पेंशन संशोधन और 01/01/2026 से पहले सेवानिवृत्त हुए पेंशनभोगियों और 01/01/2026 (8वीं सीपीसी की सिफारिशों की अपेक्षित तिथि) के बाद सेवानिवृत्त होने वाले पेंशनभोगियों के बीच समानता बनाए रखने के बारे में चिंतित हैं। वर्तमान निर्णय पेंशनभोगियों पर एक बड़ा झटका है और इसलिए सरकार को इस पर पुनर्विचार करने और इसे वापस लेने की आवश्यकता है। राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर राजस्थान पेंशनर समाज की हमारी उप शाखा केंद्र सरकार के इस निर्णय का घोर विरोध करते हुए उन्हें इस विधेयक पर पुनर्विचार कर पेंशनरों के हित में निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी स्वरूप कहा कि यदि विधेयक में पेंशनरों पर कुठाराघात संबंधी बिंदु नहीं हटाए गए तो राजस्थान पेंशनर समाज को पूरे प्रदेश में आंदोलनात्मक रुख अपनाने को मजबूर होना पड़ेगा।बुधवार को ज्ञापन के बाद आगे चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उम्र के इस पड़ाव में पेंशनरों को सड़क पर उतरने और आमरण अनशन पर बैठने की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# एक नजर

## मानस मंडल का 71 वां पाटोत्सव आज

**अजमेर (हुक्मनामा समाचार)।** मानस मण्डल पट्टी कटला के तत्वावधान में दिनांक 10 अप्रैल गुरुवार को शाम 5.00 बजे से मानस मण्डल के 71 वें पाटोत्सव दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम रखा गया है मानस मंडल, पट्टी कटला अजमेर के अध्यक्ष हनुमान या व सचिव नंद किशोर गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर शाम 5ः00 बजे से अशोक तोषनीवाल एवं सर्वेश्वर संकीर्तन मण्डल, अजमेर द्वारा अपनी मधुर वाणी से राम दरबार के भजनों के साथ बाबा को रिझायेगें इस अवसर पर राम दरबार का भव्य श्रृंगार व मण्डल भवन को विशेष रूप से सजाया जायेगा उन्होंने बताया कि भजनों के पश्चात आरती कर सभी भक्तों को प्रसाद का वितरण किया जायेगा,

या व गोयल ने आग्रह किया है कि सभी भक्तगण सादर आमंत्रित हैं।

## भगवान की भक्ति के लिए दो सेकण्ड ही बहुत हेः पंडित उमेश कुमार शर्मा

**निम्बाहेड़ा (हुक्मनामा समाचार)।** बिनोता कस्बे के चारभुजा नाथ मंदिर पाटेश्वर महादेव मंदिर खेड़ापति बालाजी मंदिर पर कलश स्थापना वेंकटेश्वर महादेव मंदिर पर ध्वजादंड स्थापना कार्यक्रम के पंच कुंडीय महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का यज्ञ चारभुजानाथ मंदिर परिसर में तृतीय दिन यज्ञ के दौरान का सर्व देव पूजन किया गया खाकल देव मंदिर धर्मशाला में चल रही भागवत कथा के दौरान भागवत कथा प्रवचन व्यास पीठासीन शास्त्री पंडित उमेश कुमार शर्मा जीरन वालों ने कथा के दौरान बताया कि भगवान की भक्ति के लिए यदि सच्चे मन से की जाए तो दो सेकण्ड ही बहुत हे। कथा के दौरान सृष्टि वर्णन, वराह अवतार व मनु वंश कपिल अवतार की कथा का विस्तार पूर्वक वर्णन किया। श्रोताओं को संगीत मय भजनों से कथा पांडाल को भक्तिमय कर दिया।

कथा के दौरान खाकलदेव विकास समिति के अध्यक्ष गजराज सिंह शक्तावत उपजिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडौली ने कथा में पहुंच कर व्यास पीठ का आशीष लिया भागवत जी की आरती कर प्रसाद वितरण किया गया। तृतीय दिवस का प्रसाद लक्ष्मी देवी स्व भंवर लाल बागड़ी, महेश बागड़ी, लोकेश बागड़ी की तरफ से रखा गया।

## रिपोर्ट दर्ज करवाने पर पीड़ित पक्ष से मारपीट पर दो महिलाएं गिरफ्तार

**मांगलियावास (हुक्मनामा समाचार)।** भीमपुरा में रंजीश को लेकर महिला के साथ गंभीर रूप से मारपीट किए जाने के बाद घटना का मामला दर्ज करा देने पर दो महिलाओं द्वारा पीड़ित पक्ष से लड़ाई झगड़ा तथा मारपीट किए जाने पर मांगलियावास पुलिस ने दो महिलाओं को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। एएसआई रामस्वरूप सोयल के मुताबिक भीमपुरा में 7 अप्रैल को फिरोज पुत्र रहीम मेंहरात की पत्नी मदीना के साथ भीमपुरा निवासी रोशनी पत्नी अफजल तथा उसकी पुत्री रुखसाना द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए जाने पर उसे इलाज के लिए अजमेर के जेएलएन अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसका अभी भी इलाज चल रहा है। मारपीट पर दोनों आरोपी मां बेटी के खिलाफ मामला दर्ज करवाने को लेकर बुधवार को फिर से रेशमी पत्नी अफजल मेंहरात और उसकी पुत्री रुखसाना पीड़ित पक्ष से लड़ाई झगड़ा तथा मारपीट करने पर उतारू हो गई। जिस पर पीड़ित पक्ष मांगलियावास थाने पहुंचा। थाने में समझाइस के विफल प्रयास के बाद पुलिस ने आरोपी मां बेटी को शांति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। उन्हें पीसांगन एसडीएम के समक्ष पेश किए जाने पर मां बेटी को जमानत मुचलके पर पाबंद कर छोड़ा गया।

## राम कथा के चौथे दिन भगवान राम की बाल लीलाओं की कथा सुनाई गई

**पादूकलां (हुक्मनामा समाचार)।** समीपवर्ती ग्राम पंचायत टेहला के बडले वाले बालाजी मंदिर परिसर में आयोजित राम कथा में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। आयोजन के चौथे दिन कथावाचक विनयनंदजी महाराज अयोध्या वाले ने प्रभु राम के बाल-लीलाओं का बड़ा ही व्यापक वर्णन किया। संत ने कहा कि होनहार विरावन के होत चिकने पात कहावत को चरितार्थ करता भगवान राम का बाल चरित बहुत ही अनुपम है।

वर्तमान परिदृश्य में बालकों के लिए अनुकरणीय भी है। ठुमुक चलत रामचंद्र बाजत पैजनिया तथा बाल काण्ड की चौपाइयों का गायन कर संत ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। भोजन करत चपल चित, इत उत अवसर पाई। भाजी चले किलकत मुख दधि ओदन लपटाई।। का गायन करते हुए संत ने सभी को भाव विह्वल कर दिया। छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि रामचरित मानस की चौपाई- गुरु गृह गए पढ़न रघुराई,अल्प काल विद्या सब आई। का नियमित पाठ विद्या प्राप्ति के लिए अचूक मंत्र है। छात्रों और युवाओं को भगवान राम से शिक्षा लेना चाहिए। इस कथा में आयोजक, बड़ले वाले बालाजी समेत सैकड़ों लोग शामिल हुए।व्यास पीठ पर विराज मान विनया नन्द जी महाराज अयोध्या वाले ने अलग अलग तरह से राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न की बाल लिलाओ का वर्णन किया पाण्डाल मे विराज मान महिला शक्ति एवम बड़े बुझूर्ग बड़े आदर भाव से कथा का आनन्द लिया। सरपंच धन्नाराम लांच मेमाई दान लखावत सहित गांव के ग्रामीण और महंत किशन दासजी महाराज सहित सभी भक्तो ने सभी कथा सुनने वाले महानुभवो का आदर सत्कार करने मे कोई कमी नही रखी।

## बिंदाराडा में अवैध अतिक्रमण हटाकर 228 बीघा चारागाह भूमि को करवाया मुक्त

**छीपाबड़ौद (हुक्मनामा समाचार)।** छीपाबड़ौद उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत ढोलम के गांव बिंदाराडा की चरागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण पर चला पीला पंजा। प्रशासक प्रतिनिधि ब्रजराज मीणा ने बताया कि तहसीलदार सुरेंद्र सिंह गुर्जर के आदेशानुसार ग्राम पंचायत ढोलम के ग्राम बिंदाराडा में ग्राम पंचायत ढोलम व प्रशासन के द्वारा चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटवा कर 228 बीघा चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया। इस दौरान ग्राम विकास अधिकारी प्रदुम्न नागर, कानूनगो कैलाश चंद्र नामदेव, शीला मीणा पटवारी दीपक कुशवाह, दशरथ सिंह, सुरेंद्र शर्मा, अमित मीणा,देशराज आदि मौजूद रहे।